LKS
दैनिक लोकतंत्र की शान
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com
दिल्ली से प्रकाशित
मंगलवार 03 मार्च 2026
लोकतंत्र का स्तंभ

# भारत-कनाडा के बीच 8 करार, 9 घोषणाएं व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर सहमति

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है। वार्ता में भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए विचारणीय विषय (टर्म ऑफ रेफरेंस) तय हुए। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समझौता हुआ। भारत को यूरेनियम की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक अनुबंध किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के सहयोग को गति देने के लिए कार्नी की प्रशंसा की तो वहीं कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की।



उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत किया और उनके प्रसिद्ध वाक्य की तर्ज पर कहा, "हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत 2047 और कनाडा स्ट्रॉन्ग के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी और भारत–कनाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा। कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा। साथ ही भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा। मंत्रालय के अनुसार भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। वहीं कनाडा आगामी 17-30 मार्च तक होने वाले भारत जनजातीय उत्सव-2026 में भागीदारी करेगा।

विश्वविद्यालय कनाडा एक नई कनाडा-भारत संयुक्त योग्यता एवं नवाचार रणनीति लांच करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और इनोवेशन जैसे क्षेत्र में यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन के बीच 24 साझेदारी समझौते होना तय किया गया है। इसके अलावा ग्लोबलिंक रिसर्च इंटर्नशिप, महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

## भारत-कनाडा अपने व्यापार को 2030 तक 50 अरब डॉलर तक ले जाएंगे: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**। भारत और कनाडा 2030 तक अपना व्यापार 50 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। दोनों देशों ने 'व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता' भी जल्द ही पूरा करने पर सहमति जतायी है। दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति का ऐतिहासिक सौदा हुआ है। देश में भारत-कनाडा 'पल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में मेहमान नेता की दोनों देशों के संबंधों को गति देने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि जल्द होने जा रहा व्यापार समझौता दोनों देशों में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा। अति आवश्यक खनिजों को लेकर हुए समझौते से सप्लाई मजबूत होगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में दोनों के स्टार्टअप और बिजनेस आपस में जुड़ेंगे।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि इस दौरे के पांच ठोस नतीजे मिले। पहला, सीईपीए के लॉन्च के ज़रिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी। सीईपीए के लिए शर्तों पर साइन करने से 2026 के आखिर तक एक बड़ा, संतुलित और दोनों के लिए फायदेमंद समझौता करने का एक साफ रोडमैप मिलता है। कुमारन ने बताया कि नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री के बीच इज़राइल-ईरान संकट पर चर्चा हुई। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता जताई तथा सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर दिया गया।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

# शेयर बाजार में 30 सेकंड में 7.80 लाख करोड़ डूबे



भारतीय शेयर बाजार में इजराइल-अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद, जिस तरह से सारी दुनिया में अफ़रा-तफरी का माहौल बना है, इसका सबसे ज्यादा असर शेयर बाजारों पर पड़ा है। इसमें भी सबसे ज्यादा असर भारतीय शेयर बाजार में हुआ है। बाजार खुलते ही 30 सेकंड के अंदर निवेशकों के लगभग 7.80 लाख करोड रुपए एक ही झटके में डूब गए। उसके बाद घरेलू संस्थागत निवेश को ने 2292.8 करोड़ रुपए की खरीददारी कर बाजार को गिरने से रोका। सोमवार को बाजार खुलते ही शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली देखने को मिली। 7536.4 करोड़ के शेयर विदेशी निवेशकों के बेचते ही भारतीय बाजार में कोहराम मच गया। शेयर बाजार की अस्थिरता से इंडेक्स 15 फ़ीसदी उछलकर 15.78 पर पहुंच गया। उसके बाद निवेशकों ने डूबने से बचने के लिए भारी बिकवाली शुरू कर दी। शेयर बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि की आशंका को देखते हुए सभी सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली। देखते ही देखते निफ़्टी 350 अंकों से ज्यादा का गोता लगाने के बाद देसी संस्थागत निवेशकों के कारण निवेशको की ऑक्सीजन लेने की स्थिति बनी।

शेयर बाजार में शाम को कारोबार बंद होने के समय निफ़्टी 313 अंकों की गिरावट के साथ 24865 तथा मुंबई स्टॉक एक्सचेंज 1043 अंकों की गिरावट के साथ 80238 पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार में गिरावट के लिए मुख्य रूप से इजरायल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जो हमला किया गया था, उस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु हो जाने के बाद दुनिया के कई देशों में हालात बिगड़ गए। ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप पश्चिम एशिया के उन देशों पर हमला किया, जहां पर अमेरिकी सैन्य अड्डे थे। ईरान के हमले से अमेरिकी सैन्य अड्डों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। यह माना जाता था, अमेरिका के यह सबसे सुरक्षित सैन्य क्षेत्र हैं। ईरान के हमले से तेल उत्पादक देशों में बड़े पैमाने पर अफरा-तफरी मच गई है।

कच्चे तेल के दाम में लगभग सात फ़ीसदी से अधिक की तेजी देखने को मिली। कच्चे तेल का भाव बढ़कर 82.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ईरान ने होमुर्ज से समुद्री आवाजाही को बंद कर दिया। कच्चे तेल के एक जहाज ने जबरदस्ती निकालने की कोशिश की। उस पर मिसाइल से हमला कर उसे जला दिया गया। जिसके कारण तेल की आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई है। सोमवार को दुनिया भर के सभी बाजारों में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में भारी इजाफा देखने को मिला है। दुनिया भर के सभी शेयर बाजारों में हड़कंप की स्थिति बनी।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## अवकाश की सूचना



सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और सहकर्मियों को रंगों का त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस मौके पर तीन और चार मार्च (मंगलवार और बुधवार) को अखबार के दफ्तर में अवकाश रहेगा। अंतः आप अखबार का अगला अंक छह मार्च 2026 (शुक्रवार) से पढ़ पाएंगे।

-संपादक

## अमेरिकी मध्य कमान का दावा- ईरान में 1,000 से अधिक ठिकानों पर किए हमले




**वाशिंगटन/तेहरान**। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि दो दिनों के भीतर ईरान में 1,000 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमले किए गए हैं। इसी बीच इजरायल और लेबनान के उग्रवादी संगठन हिज्बुल्लाह के बीच रॉकेट और ड्रोन से वार-पलटवार शुरू हो गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद क्षेत्रीय तनाव और गहरा गया है। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार सेंटकॉम ने रविवार को कहा कि दो दिनों के सैन्य अभियान में ईरान के भीतर 1,000 से अधिक लक्ष्यों पर हमले किए गए। इन लक्ष्यों में जहाज़, पनडुब्बियां, मिसाइल साइट, कम्युनिकेशन लिंक और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शनिवार से शुरू हुए संघर्ष के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हालात और बिगड़ गए। सोमवार सुबह स्थानीय समयानुसार हिज़्बुल्लाह ने खामेनेई की हत्या का बदला लेने के लिए इज़राइल पर रॉकेट और ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। इसके जवाब में इज़राइल ने दक्षिणी बेरूत और लेबनान के अन्य इलाकों में हवाई हमले किए। इज़राइल डिफेंस फोर्सेज़ ने कहा कि उसने ईरान-समर्थित उग्रवादी समूह के सदस्यों को निशाना बनाया। दक्षिणी बेरूत में कम से कम आठ धमाकों की आवाज़ें सुनी गईं, जिससे सड़कों पर अफरा-तफरी मच गई। कई लोग प्रभावित इलाकों से पलायन कर रहे हैं। इजराइल ने देश के दक्षिण और पूर्व में लगभग 50 शहरों को खाली करने की अपील की है, जो पिछले संघर्षों के दौरान जारी निर्देशों की पुनरावृत्ति है। इज़राइल ने रविवार को कहा कि उसने ईरान पर हमलों की एक और लहर शुरू की है, जबकि तेहरान ने इज़राइल और पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हमारे सभी लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। हालांकि उन्होंने इन लक्ष्यों का विवरण नहीं दिया। लगातार बढ़ते हमलों और जवाबी हमलों के बीच पूरे पश्चिम ऐशिया में बड़े क्षेत्रीय युद्ध की आशंका गहराती जा रही है।

## यूएई शेख के बाद पीएम मोदी ने नेतन्याहू से की फोन पर बात, फिर की बड़ी बैठक

एजेंसी। नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में गहराते युद्ध के संकट और ईरान के खिलाफ इजरायल व अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई के बीच भारत ने शांति स्थापना के लिए सक्रिय कूटनीतिक प्रयास शुरू कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात कर युद्ध को तत्काल रोकने की अपील की है। शनिवार को शुरू हुई इस सैन्य कार्रवाई और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उपजे हालातों पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए और हिंसा का रास्ता छोड़कर संवाद के जरिए समाधान निकाला जाना चाहिए। इधर नई दिल्ली में, युद्ध के गंभीर वैश्विक और रणनीतिक परिणामों का आकलन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इधर नई दिल्ली में, युद्ध के गंभीर वैश्विक और रणनीतिक परिणामों का आकलन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और युद्ध के कारण भारत की अर्थव्यवस्था व तेल आपूर्ति पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की समीक्षा की गई। इजरायल के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी विस्तृत चर्चा की। प्रधानमंत्री ने यूएई पर हुए हालिया हमलों की कड़ी निंदा करते हुए मुश्किल घड़ी में भारत की एकजुटता प्रकट की। इन हमलों में एक भारतीय नागरिक समेत 58 लोग घायल हुए हैं, जबकि तीन लोगों की जान चली गई है। प्रधानमंत्री ने यूएई में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वहां के प्रशासन का आभार जताया और क्षेत्रीय स्थिरता की आवश्यकता पर बल दिया।



### मध्य पूर्व तनाव : एयर इंडिया-इंडिगो समेत कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली**। ईरान, इजरायल और अमेरिका के टकराव से मध्य पूर्व में मची अफरा-तफरी का असर पूरी दुनिया में देखने को मिल रहा है। एयर इंडिया, इंडिगो सहित कई एयरलाइंस कंपनियों ने अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एक दिन पहले 11 देशों में हवाई क्षेत्र बंद होने की वजह से रविवार को भारत में 350 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट ने सोमवार को 'एक्स' पर जारी एक बयान में लिखा, "मध्यपूर्व में बदलते राजनीतिक हालात की वजह से पश्चिम की ओर जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में रुकावटें आ रही हैं और उनके शेड्यूल में बदलाव हो रहे हैं।" वहीं, कई उड़ानें रद्द होने के कारण आईजीआई एयरपोर्ट पर यात्री फंसे हुए हैं। उधर, कई उड़ानें रद्द होने से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री परेशानी का सामना कर रहे हैं। एयर इंडिया ने क्षेत्र की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए मध्य पूर्व के सभी गंतव्यों के लिए अपनी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दीं हैं।

## राष्ट्रपति ने लखपति बिटिया, होली–दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर और सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना का किया शुभारंभ

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को दिल्ली सरकार की लखपति बिटिया योजना, होली–दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड और 40,642 बेटियों के खातों में 100 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) हस्तांतरण का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रपति ने यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। सैनिक के रूप में वे देश की सीमाओं की रक्षा कर रही हैं। वैज्ञानिक के रूप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं। खेल प्रतिस्पर्धाओं में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का तिरंगा लहरा रही हैं। राजनीति, समाजसेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत– सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई ऊंचाइयां छू रही हैं। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और डा. पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षित बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उनको प्रोत्साहन एवं सहयोग देना, हम सबका कर्तव्य है। हमें अपनी बेटियों को यह विश्वास दिलाना है कि वे सपने देखने और उन्हें पूरा करने की क्षमता रखती हैं तथा हम उनके सपनों को साकार करने में उनके साथ खड़े हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि नई दिल्ली देश की राजधानी है। यहां देश के हर राज्य और क्षेत्र के लोग रहते हैं। यदि दिल्ली की महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित, और आत्मनिर्भर होंगी, समाज के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व प्रदान करेंगी तब पूरे देश में सकारात्मक संदेश जाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज दिल्ली के इतिहास में नारी शक्ति के नाम एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। यह केवल योजनाओं का शुभारंभ नहीं है। यह सम्मान का संकल्प है। यह विश्वास का विस्तार है। यह उस शक्ति का अभिनंदन है, जो हर घर की धुरी है, हर परिवार की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब बेटी सशक्त होती है, परिवार सशक्त होता है। जब महिला आत्मनिर्भर होती है, समाज आत्मविश्वासी बनता है।



### इजरायल-ईरान जंग: संघर्ष में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही केंद्र सरकार

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि केंद्र इजरायल-ईरान संघर्ष में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ऐसी स्थितियों में बचाव कार्य के लिए तत्पर है। बीती सरकारों ने इतनी व्यापक सहायता प्रदान नहीं की थी, जो अब विदेश मंत्रालय द्वारा विभिन्न देशों में स्थित अपने दूतावासों के माध्यम से दी जा रही है। इस बीच, ओडिशा के मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय पश्चिम एशिया के संघर्ष क्षेत्र से फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। ओडिशा सरकार में मंत्री हरिचंदन ने कहा कि सरकार ने पूरी योजना बना ली है और निकासी प्रक्रिया तय समय पर चल रही है।

## विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों से भारत की नवोन्मेषी शिक्षा व्यवस्था से जुड़ने का आह्वान : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) से भारत की तेजी से बढ़ती, नवाचार-आधारित और बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली के साथ सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है। प्रधान ने सोमवार को यहां सुषमा स्वराज भवन में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 'स्टडी इन इंडिया' एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन हो रहा है और यह वैश्विक साझेदारी के लिए तैयार है। इस सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और कूटनीतिक मिशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, गुणवत्ता, नवाचार और सस्ती शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और शिक्षा इस लक्ष्य की प्राप्ति का प्रमुख आधार है। प्रधान ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र, युवा जनसंख्या और तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से वैश्विक विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और सतत ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत एक विश्वसनीय नवाचार साझेदार के रूप में उभर रहा है तथा 'ग्लोबल साउथ' मॉडल को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी ने कहा कि पिछले छह वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने उच्च शिक्षा सुधारों को स्पष्ट दिशा दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने के लिए पारदर्शी और समयबद्ध नियामक ढांचा लागू किया गया है। सम्मेलन में भारतीय ज्ञान परंपरा, एसपीएआरसी और जियान के माध्यम से शैक्षणिक साझेदारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उन्नत प्रौद्योगिकी, विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए यूजीसी विनियम 2023, अंतरराष्ट्रीय कौशल ढांचा तथा 'भारत इनोवेट्स 2026' जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।



## पश्चिम बंगाल की जनता ममता सरकार के कुशासन से त्रस्तः शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी। कोलकाता

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। राज्य की जनता ममता बनर्जी के कुशासन से त्रस्त है। मां, मानुष और माटी का नारा देने वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार में आज मां लहूलुहान है, माटी खून से सनी है और मानुष पीड़ित है। शिवराज ने यहां एक बयान में कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का मतलब उत्पीड़न, माफिया और भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि टी का मतलब टार्चर और ट्रेजेडी, एम का मतलब मनी, मर्डर और माफिया और सी का मतलब करप्शन, क्राइम और क्रूरता बन गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बहन-बेटियों पर अत्याचार और अन्याय बढ़े हैं। घुसपैठ और तुष्टीकरण की नीति ने बंगाल में दंगे भड़काए हैं। हिंदुओं को त्योहार मनाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। तुष्टीकरण की राजनीति से गुंडों को बढ़ावा मिलता है। बंगाल की जनता अब यह सब और सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में नौजवानों की नौकरियां भ्रष्टाचार ने छीन लीं। शिक्षक भर्ती घोटाले में हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद हुआ। नगरपालिका और स्थानीय निकायों की भर्तियों में भी घोटाले हुए। रोजगार के अवसर छीने गए और भर्तियों में बेईमानी की गई। जो अवसर बचे, वो भी घुसपैठियों को दे दिए गए। चुनाव से पहले बेरोजगारी भत्ता सिर्फ एक नाटक है लेकिन नौजवान अब इनके बहकावे में नहीं आएंगे। युवाओं ने अब बंगाल में परिवर्तन का मन बना लिया है। शिवराज ने कहा कि टीएमसी में एक नहीं, कई शेख शाहजहां जैसे लोग हैं। जो बहन और बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ करते हैं। महिलाओं की इज़्ज़त सुरक्षित नहीं है, यह चिंता का विषय है। अब बहनों के स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा जरूरी है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार यह सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



## नेपाल में आज से एक हफ्ते का सार्वजनिक अवकाश

**काठमांडू**। नेपाल में आज से एक सप्ताह लंबी सार्वजनिक छुट्टी शुरू हो गई है। होली, प्रतिनिधि सभा निर्वाचन, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और शनिवार को मिलाकर आज से लगातार सात दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। नेपाल के पहाड़ी जिलों में आज सोमवार तथा तराई मधेश में मंगलवार को होली मनाने के लिए 2 और 3 मार्च दो दिनों का सार्वजनिक अवकाश है। इसके बाद 5 मार्च को होने जा रहे मतदान को लेकर सरकार ने तीन दिनों के राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। मतदाता अपने शहर, गांव जाकर मतदान में सहभागी हो सकें और वापस अपने गंतव्य तक पहुंच जाए, इसके लिए 4, 5 और 6 मार्च को राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। इसके बाद 7 मार्च को शनिवार को नेपाल में साप्ताहिक अवकाश रहता है। ऐसे ही 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी नेपाल में सार्वजनिक अवकाश दिया जाता है। यानि आज 2 मार्च से लेकर 8 मार्च तक लगातार 7 दिनों का अवकाश है। निर्वाचन और होली के कारण आज काठमांडू की सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम देखी गई।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

# दिल्ली कला उत्सव का समापनः प्रस्तुतियों ने बनाया यादगार सांस्कृतिक आयोजन

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** संस्कार भारती दिल्ली प्रांत का दिल्ली सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय 'दिल्ली कला उत्सव' का सफल समापन रवींद्र भवन में संपन्न हुआ। दोनों दिनों तक चले इस सांस्कृतिक उत्सव ने न केवल बड़ी संख्या में कला प्रेमियों को आकर्षित किया, बल्कि अपनी उच्च स्तरीय प्रस्तुतियों के कारण इसे एक यादगार आयोजन के रूप में सराहा गया। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, संस्कार भारती के अखिल भारतीय सह-व्यवस्था प्रमुख एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय कुमार तथा संस्कार भारती के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी की उपस्थिति रही। अतिथियों ने भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार में ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उत्सव के दोनों दिनों में शास्त्रीय संगीत, नृत्य, लोक प्रस्तुतियां, नाट्य मंचन, काव्य एवं पारंपरिक कला रूपों का समृद्ध संगम देखने को मिला। सुप्रसिद्ध संतूर वादक एवं संगीतकार पंडित अभय रुस्तम सोपोरी ने अपने संतूर वादन के माध्यम से राग भारतीय की विशेष प्रस्तुति दी, जो एक नवीन राग है और दर्शकों द्वारा अत्यंत सराही गई। रंगमंचीय प्रस्तुतियों में प्रदीप कुकरेजा ने निर्देशित नाटक "बेसहारा औरत" को विशेष सराहना मिली। उत्सव के अंतर्गत आयोजित कवि सम्मेलन भी हमेशा की तरह आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। उत्सव का सबसे विशेष आकर्षण 'वृंदावन की फूलों की होली' रही, जिसे चारकुला आर्ट्स अकादमी ने प्रस्तुत किया और जिसने दर्शकों को होली की सांस्कृतिक परंपरा से गहराई से जोड़ दिया। कार्यक्रम का संयोजन प्रख्यात नाटककार जयप्रकाश सिंह ने किया। दिल्ली कला उत्सव की विशेषता यह रही कि यह कोई व्यावसायिक या लाभ केंद्रित आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय कला परंपरा के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के उद्देश्य से आयोजित सांस्कृतिक उत्सव है। संस्कार भारती, दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष प्रभात कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी कलाकारों, अतिथियों, सहयोगियों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को समाज में सशक्त रूप से स्थापित करने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अगले वर्ष दिल्ली प्रांत इस उत्सव के स्वरूप को और व्यापक एवं भव्य बनाने की दिशा में कार्य करेगा। दोनों दिनों में लोक कला, पारंपरिक शिल्पकारों की सहभागिता, कठपुतली, हस्तशिल्प प्रदर्शन तथा दिल्ली-6 के पारंपरिक व्यंजन भी थे। बड़ी संख्या में परिवारों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष ऊंचाई प्रदान की। उल्लेखनीय है कि दिल्ली कला उत्सव के आयोजन में दिल्ली सरकार के सहयोग के साथ-साथ मैथिली-भोजपुरी अकादमी, ललित कला अकादमी तथा विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं की सहभागिता भी रही, जिससे यह आयोजन राजधानी के कला जगत का एक समन्वित सांस्कृतिक मंच बनकर सामने आया। होली पर्व के आगमन से पूर्व आयोजित इस उत्सव ने भारतीय लोकजीवन और रंगों की परंपरा को अनुभव करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति जगत की अनेक हस्तियों की उपस्थिति रही।

## समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के निकट हुई घातक चाकूबाजी में दो गिरफ्तार; हथियार ब रामद

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 01 मार्च 2026 की सुबह समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन गेट-1 के पास हुई घातक चाकूबाजी की घटना के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

**घटना का विवरण**-दिनांक 01.03.2026 को थाना समयपुर बादली में चाकूबाजी की घटना की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर, गेट नंबर 1, बादली औद्योगिक क्षेत्र के सामने पहुँची। वहाँ सड़क पर भारी मात्रा में खून पाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि घायल युवक अंकित (20 वर्ष), निवासी राजा विहार, दिल्ली, को पीसीआर वैन द्वारा अस्पताल ले जाया जा चुका था। अंकित को रोहिणी सेक्टर-19 स्थित भारद्वाज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे "मृत अवस्था में लाया गया" घोषित किया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए बुराड़ी अस्पताल की मोर्चरी में स्थानांतरित कर दिया गया। इस संबंध में थाना समयपुर बादली में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।




**आरोपियों की गिरफ्तारी**

**घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने दो संदिग्धों—**

शशि भूषण (22 वर्ष), निवासी राजा विहार, दिल्ली

शिवम (25 वर्ष), निवासी राजा विहार, दिल्ली

—को भागने की कोशिश करते हुए पकड़ लिया। भागने के दौरान दोनों आरोपियों को चोटें आईं तथा बाद में उन्हें भीड़ द्वारा पीटा गया। पुलिस ने दोनों को तत्काल हिरासत में लेकर उपचार हेतु बुराड़ी अस्पताल भेजा, जहाँ वे पुलिस सुरक्षा में हैं।

**जांच एवं संभावित कारण**-प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मृतक और दोनों आरोपी एक-दूसरे के परिचित थे तथा घटना से पूर्व साथ में शराब का सेवन कर रहे थे। इसी दौरान उनके बीच अचानक कहासुनी हुई, जिसमें आरोपी शिवम ने कथित रूप से अंकित पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने घटनास्थल के निकट कूड़े के ढेर से बरामद कर लिया है।

**आरोपियों का विवरण**-शशि भूषण पुत्र श्री कमल शाह, निवासी राजा विहार, दिल्ली, आयु लगभग 22 वर्ष। शिवम पुत्र श्री इंद्राज, निवासी राजा विहार, दिल्ली, आयु लगभग 25 वर्ष।

**बरामदगी**-एक चाकू, जिसे आरोपी के इशारे पर घटनास्थल के पास कूड़े के ढेर से बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के सटीक क्रम एवं अन्य तथ्यों की पुष्टि हेतु आगे की जांच जारी है। (हरेश्वर स्वामी), आईपीएस उप पुलिस आयुक्त बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली

## दिल्ली हाई कोर्ट ने उदय भानु चिब की जमानत पर से रोक हटाई

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान अर्धनग्न प्रदर्शन करने के मामले में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को मजिस्ट्रेट कोर्ट से मिली जमानत पर सेशंस कोर्ट की रोक को हटा दिया है। जस्टिस सौरभ बनर्जी की बेंच ने कहा कि सेशंस कोर्ट ने बिना किसी आधार के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर रोक लगायी। सुनवाई के दौरान चिब के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि 28 फरवरी को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। इसको दिल्ली पुलिस ने सेशंस कोर्ट में चुनौती दी। लूथरा ने कहा कि सेशंस कोर्ट ने उच्चतम न्यायालय के परविंदर सिंह खुराना के फैसले की गलत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि सेशंस कोर्ट ने उनका पक्ष सुने बिना ही आदेश पारित कर दिया। दिल्ली पुलिस ने सेशंस कोर्ट में दाखिल याचिका की प्रति भी उपलब्ध नहीं करायी। लूथरा ने सवाल किया कि क्या चिब याचिका की प्रति पाने के भी हकदार नहीं हैं, ये आश्चर्यजनक है। 28 फरवरी को पटियाला हाउस कोर्ट के ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने चिब को 50 हजार के मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने चिब को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने और अपने इलेक्ट्रॉनिक गजट जमा करने का निर्देश दिया था। इसके पहले 24 फरवरी को कोर्ट ने चिब को चार दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक चिब ने इस प्रदर्शन की साजिश रची और प्रदर्शन करने वालों को लॉजिस्टिक्स उपलब्ध कराए। सोमवार को ही पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले में नौ युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जमानत दी है। पटियाला हाउस कोर्ट ने 27 फरवरी को युवा कांग्रेस के महासचिव निगम भंडारी को 24 मार्च तक की अंतरिम जमानत दे दी थी।

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से की भेंट, स्पेशल सेंट्रल असिस्टेंस के तहत वित्तीय पैकेज प्रदान करने का किया आग्रह

» आरडीजी पर सभी राज्यों का आकलन एक ही मापदंड पर करना अनुचित

लोकतंत्र की शान संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्ली** : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट कर वित्त वर्ष 2026-27 के राजस्व घाटे की प्रतिपूर्ति करने के लिए स्पेशल सेंट्रल असिस्टेंस के तहत एक वित्तीय पैकेज प्रदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री को बताया कि राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) बंद करने से राज्य की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की तुलना उन दूसरे राज्यों से नहीं की जा सकती जिनका आरडीजी बंद कर दिया गया है। बड़े राज्य आरडीजी बंद होने से उत्पन्न स्थितियों का सामना कर सकते हैं लेकिन हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था इस स्थिति का सामना करने के लिए तैयार नहीं है। सभी राज्यों को एक ही पैमाने पर आंकना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि नागालैंड के बाद राज्य को आरडीजी का योगदान के रूप में लगभग 12.7 प्रतिशत प्राप्त होते थे जो दूसरा सबसे ज्यादा है। उन्होंने इसे बंद करने के निर्णय को कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की भावना को कमजोर करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान का आर्टिकल 275(1) राज्य को ऐसे अनुदान देने का प्रावधान करता है जो उनके राजस्व प्राप्ति और व्यय के अंतर को कम नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि वित्तायोग ने छोटे पहाड़ी राज्यों की विकास की आवश्यकताओं को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ किया है।

## विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों से भारत की नवोन्मेषी शिक्षा व्यवस्था से जुड़ने का आह्वान : धर्मेंद्र प्रधान

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) से भारत की तेजी से बढ़ती, नवाचार-आधारित और बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली के साथ सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है। प्रधान ने सोमवार को यहां सुषमा स्वराज भवन में शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 'स्टडी इन इंडिया' एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन हो रहा है और यह वैश्विक साझेदारी के लिए तैयार है। इस सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और कूटनीतिक मिशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण, गुणवत्ता, नवाचार और सस्ती शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और शिक्षा इस लक्ष्य की प्राप्ति का प्रमुख आधार है। प्रधान ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र, युवा जनसंख्या और तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से वैश्विक विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और सतत ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत एक विश्वसनीय नवाचार साझेदार के रूप में उभर रहा है तथा 'ग्लोबल साउथ' मॉडल को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी ने कहा कि पिछले छह वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने उच्च शिक्षा सुधारों को स्पष्ट दिशा दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर स्थापित करने के लिए पारदर्शी और समयबद्ध नियामक ढांचा लागू किया गया है। सम्मेलन में भारतीय ज्ञान परंपरा, एसपीएआरसी और जियान के माध्यम से शैक्षणिक साझेदारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उन्नत प्रौद्योगिकी, विदेशी विश्वविद्यालय परिसरों के लिए यूजीसी विनियम 2023, अंतरराष्ट्रीय कौशल ढांचा तथा 'भारत इनोवेट्स 2026' जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कॉन्क्लेव ने छात्र गतिशीलता, संयुक्त कार्यक्रमों, शोध सहयोग और अंतरराष्ट्रीय परिसरों की स्थापना जैसे क्षेत्रों में ठोस सहयोग के अवसर प्रस्तुत किए।

## पूर्व उपराष्ट्रपति Jagdeep Dhankhar ने Yakub Mathew की पुस्तक Seeking The Infinite का India International Centre में विमोचन किया

लोकतंत्र की शान संवाददाता दीपक आनंद



**नई दिल्ली** : प्रख्यात विचारकों, राजनयिकों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति Jagdeep Dhankhar ने 1 मार्च को India International Centre में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वैश्विक बैंकिंग कार्यकारी Yakub Mathew की प्रेरक पुस्तक Seeking The Infinite का औपचारिक विमोचन किया और चर्चा का उद्घाटन किया। Seeking The Infinite में मैथ्यू ने ऐतिहासिक Maha Kumbh Mela 2025 में अपने गहन व्यक्तिगत और रूपांतरणकारी अनुभवों का वर्णन किया है। यह आयोजन 144 वर्षों में एक बार होता है। यह पुस्तक एक दुर्लभ दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है—एक वैश्विक वित्तीय नेता का, जो विश्व के सबसे गहन आध्यात्मिक समागमों में से एक में सहभागी होता है। इसमें आस्था, पहचान, मानवता और अर्थ की सार्वभौमिक खोज पर चिंतन को भावपूर्ण ढंग से पिरोया गया है। सभा को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने इस कृति को परंपरा और आधुनिकता के बीच एक सेतु बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी रचनाएँ भारत की शाश्वत सभ्यतागत विरासत और आध्यात्मिक धरोहर को सुदृढ़ करती हैं, साथ ही भौतिक सफलता से परे गहन समझ की तलाश करने वाले वैश्विक पाठकों के साथ भी सामंजस्य स्थापित करती हैं। न्यूयॉर्क स्थित वरिष्ठ वैश्विक बैंकिंग कार्यकारी और केरल के सीरियन क्रिश्चियन समुदाय से आने वाले याकूब मैथ्यू ने अपनी इस यात्रा को पुस्तक रूप देने की प्रेरणा साझा की। St. Stephen's College के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र मैथ्यू ने बताया कि महाकुंभ का अनुभव धार्मिक सीमाओं से परे जाकर लाखों लोगों की भीड़ के बीच आंतरिक शांति की गहन खोज बन गया। चर्चा के दौरान मैथ्यू ने कहा, "महाकुंभ केवल एक तीर्थयात्रा नहीं था; यह एक जागरण था। आस्थाओं, संस्कृतियों और मानवता के संगम में मुझे उस अनंत का गहरा बोध हुआ, जो हम सभी को जोड़ता है।" इस अवसर पर समकालीन समय में आध्यात्मिकता, तीव्र गति से बदलती दुनिया में प्राचीन परंपराओं की प्रासंगिकता, तथा व्यक्तिगत कथाओं की भूमिका पर सार्थक संवाद हुआ। उपस्थितजनों ने इस बात की सराहना की कि पुस्तक एक अत्यंत व्यक्तिगत अनुभव को अभिव्यक्त करते हुए भी पृथ्वी के सबसे बड़े मानव समागमों में से एक की सामूहिक भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती है। Seeking The Infinite से देश-विदेश के पाठकों, विशेषकर पेशेवर महत्वाकांक्षा और आध्यात्मिक खोज के संगम पर खड़े लोगों को गहरा जुड़ाव महसूस होने की उम्मीद है। प्रभावशाली कथन शैली और विचारशील चिंतन के माध्यम से मैथ्यू पाठकों को स्वयं अपनी 'अनंत' की यात्रा पर निकलने के लिए आमंत्रित करते हैं।

**लेखक परिचय**-याकूब मैथ्यू न्यूयॉर्क स्थित एक वरिष्ठ वैश्विक बैंकिंग कार्यकारी हैं और St. Stephen's College के गौरवशाली पूर्व छात्र हैं। केरल के सीरियन क्रिश्चियन समुदाय से संबंध रखने वाले मैथ्यू वैश्विक कॉर्पोरेट नेतृत्व के साथ-साथ दर्शन, आस्था और सांस्कृतिक संवाद में गहरी रुचि रखते हैं।

## ख़ास ख़बर

### एआई शिखर सम्मेलन प्रदर्शन मामले में युवा कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को मिली जमानत




**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने भारत मंडपम में एआई शिखर सम्मेलन में 20 फरवरी को शर्टलेस प्रदर्शन के मामले में युवा कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी है। जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास रवि ने कहा कि प्रदर्शन के समय लगाए गए नारे भड़काऊ नहीं थे और उनमें कोई धार्मिक या क्षेत्रीय रंग नहीं था। प्रदर्शन के दौरान किसी भी तरह की तोड़फोड़ या लोगों को डराने का कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल के पहले किसी को बिना जरुर कारण जेल में रखा जाए, तो यह बिना सजा तय हुए ही सजा देने जैसा होगा। कोर्ट ने कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज को जमानत दी है। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता 20 फरवरी को एआई शिखर सम्मेलन के स्थान पर प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीरों वाली टी-शर्ट पहनकर या हाथ में लहराते हुए पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक एआई शिखर सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय मीडिया मौजूद थी और उसी दौरान नारेबाजी की गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इन प्रदर्शकारियों को रोकने के दौरान पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की गई, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए। कोर्ट ने 26 फरवरी को इस प्रदर्शन के मामले में हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार तीन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं सौरभ, अरबाज और सिद्धार्थ को तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि इसकी साजिश कैसे रची गई। दिल्ली पुलिस प्रिंटेड स्टिकर और उसके स्रोत की जांच कर रही है। इस मामले में युवा कांग्रेस ने अपने बयान में कहा है कि उसके कार्यकर्ता भारत मंडपम में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री मोदी पर देश की पहचान को एआई शिखर सम्मेलन में खराब करने का आरोप लगा रहे थे। इस मामले में युवा कांग्रेस के महासचिव निगम भंडारी को 24 मार्च तक की अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

### दिल्ली नगर निगम ने 'संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो)' को 31 मार्च तक बढ़ाया : महापौर



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली में संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) को 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी के दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने दी। उन्होंने सभी योग्य संपत्ति करदाताओं से इस योजना के तहत लाभ उठाते हुए इस अवसर का उपयोग करने की अपील की। महापौर राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि हम सभी संपत्ति मालिकों एवं कब्जाधारियों से अपील करते हैं कि वे 'सुनियो योजना' के तहत इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं और बिना किसी ब्याज व जुर्माने के अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का निपटान करें। उन्होने यह भी बताया कि यह योजना 31 मार्च के बाद आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। महापौर ने आगे कहा कि हमने विलंब शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की है, बल्कि इसे पूर्व विस्तारित अवधि अर्थात फरवरी माह के दौरान लागू दर 5 प्रतिशत के समान ही रखा है।महापौर ने बताया कि नागरिक टैक्स एमनेस्टी योजना में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और सुनियो योजना का लाभ उठा रहे हैं। एक मार्च तक 1,87,425 करदाताओं ने इस पहल का लाभ उठाते हुए 1089.97 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स जमा किया है। इसमें से 1,34,666 आवासीय संपत्तियों से 211.44 करोड़ रुपये तथा 52,759 गैर-आवासीय संपत्तियों से 878.52 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि सुनियो योजना के तहत करदाता वित्तीय वर्ष 2020-21 से पूर्व की प्रॉपर्टी टैक्स देनदारी, साथ ही उस पर लगने वाले ब्याज और जुर्माने की पूर्ण छूट प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वे चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) तथा पिछले पांच वित्तीय वर्षों (2020-21 से 2024-25) का मूल प्रॉपर्टी टैक्स बिना किसी ब्याज और जुर्माने के जमा करें। महापौर ने आगे बताया कि एक मार्च तक चालू वित्तीय वर्ष (सूनियों योजना सहित) में कुल 2893.86 करोड़ रुपये का टैक्स संग्रह 12,78,445 करदाताओं से हुआ है, जबकि गत वर्ष की समान अवधि में 10,56,528 करदाताओं से 1937.44 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था। यह कर संग्रह में 49.37 प्रतिशत की वृद्धि तथा करदाताओं की संख्या में 21 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि 1,02,201 नए करदाताओं ने सुनियो योजना का लाभ उठाते हुए पहली बार प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान किया है और इन प्रथम बार करदाताओं से 395.96 करोड़ का टैक्स संग्रह हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 11,33,161 करदाताओं से 2132.29 करोड़ का कर संग्रह हुआ था, जो कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक हुए संग्रह से काफी कम है।

### आईआईटी दिल्ली 21 मार्च को 'अन्वेषण 2026' का आयोजन करेगा



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली 21 मार्च को अपने हौज खास परिसर में अंतिम वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए 'अन्वेषणः इनोवेशन एंड एक्सप्लोरेशन अक्रॉस डिसिप्लिन्स' का आयोजन करेगा। आईआईटी ने सोमवार को बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा के लिए आईआईटी दिल्ली में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों को संस्थान का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है। 'अन्वेषण' के माध्यम से छात्र परिसर का भ्रमण कर सकेंगे तथा संस्थान के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर सकेंगे। संस्थान के अनुसार इस पहल का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने करियर से जुड़े निर्णय सोच-समझकर ले सकें। 'अन्वेषण 2026' के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। इच्छुक छात्र निर्धारित लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। यह कार्यक्रम आईआईटी दिल्ली के ऑफिस ऑफ एकेडमिक आउटरीच एंड न्यू इनिशिएटिव्स द्वारा #एक्सपीरियंसलआईआईटीडी पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। हाल ही में #एक्सपीरियंसलआईआईटीडी पहल के तहत आईआईटी दिल्ली ने कोटा में ओपन हाउस का आयोजन किया था, जहां जेईई अभ्यर्थियों को संस्थान के छात्रों और प्राध्यापकों से सीधे संवाद का अवसर मिला। इस दौरान छात्रों ने अपनी तैयारी से जुड़े प्रश्न पूछे और मार्गदर्शन प्राप्त किया। संस्थान ने 6-7 जून को दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु में जेईई एडवांस्ड क्वालिफाइड छात्रों के लिए ओपन हाउस आयोजित करने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त, 5 जून को 'आईआईटीडी कॉलिंग' नामक ऑनलाइन सत्र भी आयोजित किया जाएगा। इसी बीच, शैक्षणिक वर्ष 2026-27 (प्रथम सेमेस्टर) के लिए विदेशी नागरिकों के लिए पीएच.डी. और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च (सायं 4 बजे) है। भारतीय अभ्यर्थियों के लिए पीएच.डी., एम.टेक., एम.एस. (आर), एम.डिज., एम.पी.पी., एम.ए. और एम.एससी. कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन पोर्टल पर मार्च के तीसरे सप्ताह में खोला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मत्स्य क्षेत्र में 30 कंपनियां करेंगी 1400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

**लोकतंत्र की शान : लखनऊ।** योगी सरकार अब मत्स्य विकास से भी यूपी के युवाओं को रोजगार के अवसर देगी। मत्स्य क्षेत्र में जल्द ही 30 कंपनियां 1407 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही हैं, जिससे प्रदेश के दो हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए मत्स्य विभाग ने भी तैयारी प्रारंभ कर दी है। इन निवेश प्रस्तावों के माध्यम से उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग की कार्यप्रणाली अन्य राज्यों के लिए प्रेरक बन गई है। मत्स्य क्षेत्र में कई बड़ी कंपनियां वाराणसी, बाराबंकी, अमेठी समेत कई जनपदों में जल्द निवेश करेंगी।

**वाराणसी में 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी औरो सुंदरम**–दो दिन पहले हुए मीन महोत्सव में उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग को 1200 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। वहीं दिसंबर में हुए मत्स्य निवेश शिखर सम्मेलन में भी 207 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। मीन महोत्सव (27-28 फरवरी) को मिले निवेश प्रस्ताव के मुताबिक औरो सुंदरम फूड्स एंड फीड्स प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपये वाराणसी में निवेश करेगी। इसी तरह, प्रोबस स्मार्ट थिंक्स प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड तथा नेक्सजेन कंपनियां 200-200 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। दीपक नेक्सजेन फीड्स प्राइवेट लिमिटेड ने बाराबंकी में 100 करोड़ रुपये निवेश करने की इच्छा जताई है। कुल मिलाकर 30 कंपनियों की ओर से 1407 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

**आंध्र प्रदेश की नेक्सजेन लगाएगी फिश प्रोसेसिंग प्लांट**–आंध्र प्रदेश की नेक्सजेन फीड्स प्राइवेट लिमिटेड उत्तर प्रदेश में फिश प्रोसेसिंग प्लांट लगाएगी। कंपनी ने उत्तर प्रदेश में 200 करोड़ रुपये निवेश करने की इच्छा जताई है। कंपनी के निदेशक दीपक श्रीनिवास ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिवेश की तारीफ की। उन्होंने बताया कि प्लांट में 150 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। यह प्लांट 2028 तक तैयार हो जाएगा। दीपक नेक्सजेन फीड्स प्राइवेट लिमिटेड के एवी सुब्रमण्यम ने बताया कि कंपनी बाराबंकी में फिश फीड प्लांट लगाएगी। 2027 तक पूरी होने वाली इस परियोजना में 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इससे 300 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### कुपोषण के खिलाफ जीवनरक्षक ढाल बना योगी सरकार का 'संभव अभियान'

**लोकतंत्र की शान : लखनऊः** कुपोषण और भुखमरी दूर करने के लिए योगी सरकार की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि प्रदेश में लाखों नौनिहालों की जान बचाने में सफलता मिली है। 'संभव अभियान' से अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों में से 81 प्रतिशत सामान्य स्थिति में आ चुके हैं। यह एक समग्र प्रयास है जो जीवन के पहले 1000 दिनों में कुपोषण की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करता है।

**बच्चों को मिल रहा है पोषण और जीवनदान**–प्रदेश में बड़ी संख्या में बच्चे तीव्र कुपोषण से जूझ रहे थे, जिससे उनके जीवन और विकास पर खतरा मंडरा रहा था। सरकार ने इस समस्या को बड़ी चुनौती के रूप में लिया और केंद्र सरकार की मदद से इस पर व्यापक रणनीति बनाई। संभव अभियान को मजबूत करने में तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का उपयोग और पोषण ट्रैकर का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया गया। पंजीकृत कुपोषित बच्चों का डाटा स्वास्थ्य विभाग के ई-कवच एप्लीकेशन से जोड़ा गया, जिससे उपचार और फॉलोअप में पारदर्शिता आई। 1.7 करोड़ से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग कर 2.5 लाख कुपोषित बच्चों का पंजीकरण किया गया। एक लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और एएनएम को प्रशिक्षित कर जमीनी स्तर पर क्षमता बढ़ाई गई। इस तरह बच्चों को उचित पोषण पहुंचाकर विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिल रही है।

**मां और शिशु पर विशेष फोकस**–सम्भव अभियान केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि गर्भावस्था से ही पोषण सुरक्षा की नींव रखता है। कम वजन और एनीमिया से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं की पहचान कर प्रारंभिक पंजीकरण, नियमित वजन निगरानी, आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम सेवन तथा पोषण परामर्श सुनिश्चित किया जा रहा है। 0 से 6 माह तक के शिशुओं में लो बर्थ वेट और प्री-टर्म बच्चों की पहचान कर विशेष निगरानी की जाती है। जटिल मामलों को पोषण पुनर्वास केंद्रों में रेफर कर समुचित उपचार दिया जाता है। यह समन्वित दृष्टिकोण कुपोषण की जड़ पर प्रहार करता है। हर वर्ष जून से सितंबर तक प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सघन अभियान चलाकर बच्चों की स्क्रीनिंग, पहचान और उपचार की समग्र व्यवस्था की जाती है।

### धूमधाम से मनमोहक झांकियों के साथ निकली रामडोल शोभायात्रा

**लोकतंत्र की शान : मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के कटघर स्थित डिप्टी साहब के मंदिर से सोमवार को रामडोल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें श्रद्धालु अबीर-गुलाल की बौछार करते रहे। क्षेत्रवासियों ने भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। लोगों ने श्रीराम की मूर्तियों की आरती की और भगवान के गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसमें शामिल झांकियों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। रामडोल शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा नगर विधायक रितेश गुप्ता ने नारियल फोड़ कर किया। इसके साथ ही होली गीत और जयकारे गूंजने लगे। डीजे से होली गीत पर लोग झूमने लगे। शोभायात्रा पचपेड़ा, डिप्टी साहब के अस्पताल, कटघर बीच होली के मैदान स्थित बालाजी दरबार पहुंची, जहां महंत एवं जगदाचार्य जगत गुरु राघवेंद्री महाराज ने आरती कर स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा सिंहमन हजारी, छोटी सब्जी मंडी, मकबरा आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर अटल घाट कटघर के पास स्थित रामगंगा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। व्यवस्था में अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, आरके सूर्य, गोविंद पाल, राम सिंह, श्याम सिंह, सचिन सिंह, बृजेंद्र सिंह, राम बहादुर आदि रहे।

### आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर एक की मौत

**लोकतंत्र की शान : बाराबंकीः** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। सोमवार की देर शाम कस्बा रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी एक निवासी 25 वर्षीय गौरी शंकर यादव पुत्र सहज राम यादव किसी कार्य से मरकामऊ बाइक से जा रहा था। जब वह ग्राम नथना पुल के पास पंहुचा उसी समय आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली के जोरदार टक्कर से गौरी शंकर बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामनगर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि शव को आवश्यक लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना कारित करने वाले ट्रैक्टर ट्राली व चालक को पकड़ लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में खेली गई होली

**लोकतंत्र की शान : मुरादाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मुरादाबाद सिविल लाइंस सेंटर पर बीके आशा दीदी के सौजन्य से होली का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। होली का आध्यात्मिक रहस्य आशा दीदी, ज्योतिष विज्ञान नवग्रह अनुसंधान केंद्र के संचालक ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश पांडे ने बताया। उन्होंने बताया कि होली का अर्थ है पवित्रता शुद्धता, अंदर स्वच्छता दूसरा अर्थ है। होली का अर्थ में प्रभु की हो गई अर्थात आत्मा परमात्मा की बन गई होली, बीती सो बीती का मतलब पुरानी बीती बातें ऐसे भूल जाएं। इसके साथ-साथ ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका हृदय मोहिनी दादी का स्मृति दिवस भी मनाया गया। बीके निर्दोष दीदी ने बताया कि दादी हृदय मोहनी 8 वर्ष की अल्प आयु में ब्रह्माकुमारी संस्था में जुड़ गई थी। इनका जीवन त्याग और तपस्या से परिपूर्ण था। इस मौके पर राजीव, नितेश, लखन, सुमित, मधु आदि उपस्थित रहीं।

# परंपरा से प्रगति तकः मूंज शिल्प ने बदली रजनी बाला की दुनिया

लोकतंत्र की शान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में सामाजिक परिवर्तन और नई संभावनाओं का दौर जारी है। महिलाएं अपने संकल्प और परिश्रम से आत्मनिर्भर विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। सुल्तानपुर के कुड़वार ब्लाक के गांव हरखपुर की रहने वाली रजनी बाला इसका सशक्त उदाहरण हैं, जिन्होंने मूंज उत्पादों में सिकहुला, भउका, दौरी, डोलची और कप जैसी कलाकृतियों को बढ़ावा देकर अपनी अलग पहचान बनाई है।



**ग्रामीण कला को बाजार से जोड़कर बढ़ाया मुनाफा**–रजनी बाला ने 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की है। वह बताती हैं कि मूंज शिल्प का हुनर उन्हें अपनी मां से विरासत में मिला। उनकी मां भी मूंज के उत्पाद तैयार करती थीं, जिससे बचपन से ही रजनी को इस कार्य का पारिवारिक वातावरण और व्यावहारिक अनुभव मिलता रहा। उसी सीख और लगन के दम पर आज रजनी विभिन्न प्रकार के मूंज उत्पाद बनाकर आत्मनिर्भर बनी हैं। उनके पति दिल्ली में एक निजी कंपनी में कैब चलाते हैं और रजनी के काम में पूरा सहयोग देते हैं। उनके दो बच्चे हैं, बेटा लखनऊ में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है, जबकि बेटी सुल्तानपुर के एक विद्यालय में अध्ययनरत है।

**सुल्तानपुर की बेटी ने हस्तशिल्प से गढ़ी अपनी पहचान**–मूंज के प्रत्येक उत्पाद की कीमत अलग-अलग होती है, लेकिन लाभ की दृष्टि से यह व्यवसाय काफी मजबूत है। रजनी बाला बताती हैं कि औसतन हर उत्पाद पर लगभग 50 प्रतिशत तक शुद्ध लाभ हो जाता है। यदि किसी उत्पाद को तैयार करने में 100 की लागत आती है, तो उसका बाजार मूल्य लगभग 150 होता है। उनके व्यवसाय को अब अन्य राज्यों से भी पहचान मिल रही है। अब तक का उनका सबसे बड़ा और लाभदायक ऑर्डर राजस्थान से मिला, जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने करीब 100 महिलाओं को रोजगार का अवसर दिया। इस तरह रजनी बाला न केवल स्वयं सशक्त बन रही हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी आजीविका से जोड़कर सामूहिक आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं।

## महिलाओं ने होलिका दहन से पूर्व किया होली का विधि विधान से पूजन



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** सोमवार को नगर में होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया जिसके चलते महिलाओं ने जगह-जगह स्थापित होलीका की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और बच्चों की लंबी उम्र की कामना की, बताते चलें कि इस बार मंगलवार को चंद्र ग्रहण के चलते होली का पूजन एक दिन पहले किया गया गया, जिसके चलते हसनपुर नगर में विभिन्न स्थानों पर बुधवार को होलिका दहन प्रातः काल की बेला में किया जाएगा वही, होली का पूजन को लेकर मान्यता है कि जब हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को अपने पुत्र को मारने का आदेश दिया तो होलीका भक्त प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई थी क्योंकि होलिका को अग्नि में ना जलने का वरदान प्राप्त था, लेकिन भक्त की भक्ति के चलते होलीका तो जल गई और भक्त प्रहलाद भगवान की कृपा से बच गए तभी से होलीका दहन का प्रारंभ हुआ, इसी के चलते आज पूरे विश्व में होलीका पूजन एवं होली दहन किया जाता है, इसी क्रम में हसनपुर नगर में भी विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने होलीका पूजन किया और बच्चों की लंबी उम्र की कामना की, उधर नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई व्यवस्था कराई गई तथा भारी संख्या में विभिन्न होलीका दहन के स्थान पर पुलिस बल मौजूद रहा 1

## भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी का हुआ जोरदार स्वागत

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** सोमवार को नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया, बता ते चलें कि नगर की राजपूत कॉलोनी स्थित भाजपा जिला सहसंयोजक हिमांशु त्यागी के आवास पर नव मनोनीत जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी का हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा एवं उनकी मंडल कार्यकारिणी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया, बता दे कि भाजपा नेतृत्व द्वारा उदयगिरि गोस्वामी को तीसरी बार जिले की कमान सौंपी गई है, वहीं इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजू राणा ने कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी जी के नेतृत्व में अमरोहा जिले की चारों विधानसभा सीट पर भाजपा का परचम लहराएगा, वही स्वागत के बाद एक दूसरे को होली की बधाई दी गई और रंग गुलाल लगाया गया, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी वहीं उन्होंने भाजपा नेतृत्व द्वारा उन पर विश्वास जताते हुए दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निभाने का वादा किया, तथा उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया, इस मौके पर हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी तथा जिला सहसंयोजक हिमांशु त्यागी भी विशेष रूप से मौजूद रहे, हसनपुर मंडल कार्यकारिणी के कार्यकर्ताओं में भोजराम खड़कवंशी, विभोर अग्रवाल, सौरभ गुप्ता एवं हसनपुर मंडल की संपूर्ण कार्यकारिणी मौजूद रही 1

## व्यापारी सुरक्षा फोरम 74/22 ने भव्य फूलों की होली यात्रा निकालकर की भाईचारे की मिसाल पेश

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** सोमवार को नगर में व्यापारी सुरक्षा फोरम 74/22 द्वारा भव्य फूलों की होली यात्रा निकालकर भाईचारे की मिसाल पेश की गई, यात्रा का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी एवं हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर संयुक्त रूप से किया, फूलों की भव्य यात्रा नगर के रहरा रोड महाराणा प्रताप चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य बाजार से होती हुई अंबेडकर पार्क पर पहुंची जहां पर व्यापारियों द्वारा बाबा अंबेडकर जी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया उसके बाद शोभायात्रा नगर पालिका स्थित भगत सिंह पार्क पर जाकर संपन्न हुई जहां व्यापारीयो द्वारा भगत सिंह जी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया , इस बीच फूलों की होली यात्रा का नगर की जनता ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर एवं रंग वर्षाकर स्वागत किया, वही व्यापारी सुरक्षा फोरम द्वारा निकाली गई फूलों की होली यात्रा के सफल आयोजन के लिए व्यापारिक सुरक्षा फोरम के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद अर्पित किया, उधर सुरक्षा की दृष्टि से क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे, इस मौके पर प्रदेश महासचिव मुकेश गुप्ता, पंकज भटनागर, तरुण अग्रवाल,सचिन गुप्ता रानू रस्तोगी, अरुण त्यागी, प्रमोद अग्रवाल,लोकेश अग्रवाल,मोहित शर्मा, दिनेश कुमार अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, देवेंद्र खड़कवंशी, कालू उर्फ राकेश बंसल, सौरव गुप्ता, राजीव गुप्ता,रामचंद्र गुर्जर, यशपाल गुर्जर,रामवीर सिंह,दिनेश गौतम, अरविंद अन्ना,मुकेश मुखिया, संदीप गुप्ता,धर्मवीर सैनी, यशपाल प्रधान, विक्रम भगत, मुकेश अग्रवाल, अजय पोल, संजय सहदेव, कृष्ण प्रजापति, प्रशांत शर्मा आदि सहित भारी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे 1

# सबको सुरक्षा का अहसास ही रामराज्य की अवधारणाः सीएम योगी

लोक तंत्र की शान

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को होली की मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में आज कोई तनाव नहीं है। कोई भय नहीं, कोई अराजकता नहीं और न ही कोई गुंडागर्दी। सबको सुरक्षा का एहसास है और सबको विश्वास है। सबके मन में एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव है। यही अहसास और विश्वास, रामराज्य की अवधारणा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यही कहते हैं कि जब ऐसी स्थिति रहेगी तो भारत को विकसित बनने में कोई देर नहीं लगेगी।<सीएम योगी सोमवार शाम पांडेयहाता में होलिकादहन उत्सव समिति की ओर से आयोजित भक्त प्रह्लाद शोभायात्रा के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। होलिकादहन के दिन शोभायात्रा का शुभारंभ करने से



पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया में उपद्रव, अराजकता और अव्यवस्था है। पर, हम भारतवासी गर्व कर सकते हैं कि पीएम मोदी के रूप में यशस्वी नेतृत्व देश को नई बुलंदी देते हुए नए भारत का दर्शन करा रहा है। नया भारत हर व्यक्ति, हर तबके को अवसर देकर उत्सव का वातावरण देता है।

**पहले यूपी में समाज को बांटती थीं सरकारें**–सीएम योगी ने कहा कि हमारे यहां पर्व, त्योहारों की लंबी श्रृंखला है। पर, वर्ष 2014 के पहले लोग बेहतर तरीके से उत्सव नहीं मना पाते थे। यूपी में तो पर्व, त्योहार के पहले कर्फ्यू लग जाता था। समाज में भय और तनाव रहता था। तब की सरकारें समाज को बांटती थीं और इसका परिणाम व्यापारी और नागरिक चुकाते थे। तब गुंडागर्दी, अराजकता चरम पर थी। न बेटी सुरक्षित थी और न ही व्यापारी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश सुरक्षा और सुविधा देकर उत्सव प्रदेश बन चुका है। अब यूपी में न कर्फ्यू है और न दंगा है, यूपी में अब सब चंगा है। सब ओर उत्सव का माहौल है। पिछले पंद्रह दिनों से मथुरा-वृंदावन में होली का कार्यक्रम चल रहा है। सबकुछ स्वतः स्फूर्त देखकर विदेशियों की आंखे फटी रह जाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग हम पर आरोप लगाते थे कि हम बंटे हुए हैं, वे बताएं कहां बंटे दिख रहे हैं। इस उत्सव में इतनी बड़ी संख्या में लोग आए हैं। किसी की जाति का पता नहीं है, लेकिन सभी लोग होली का आनंद ले रहे हैं।

## इनर व्हील क्लब ने होली उत्सव का किया आयोजन

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर :** सोमवार को इनर व्हील क्लब हसनपुर द्वारा नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, होली मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत रंगारंग गेम तथा डांस कंपटीशन भी आयोजित किया गया, वहीं क्लब की सदस्यो द्वारा फूलों की होली एवं सूखे रंगों से होली खेली गई, इसके बाद सभी ने लजीज व्यंजन का आनंद लिया, कार्यक्रम की अध्यक्षा आरती गुप्ता ने सभी क्लब सदस्यों को टीका लगाकर स्वागत किया एवं उन्होंने क्लब की मेंबरों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को होली का त्योहार आपसी मतभेद भूलाकर प्रेमपूर्वक मनाना चाहिए तथा यह त्यौहार आपसी कड़वाहट को दूर कर सभी को एक दूसरे का सम्मान करते हुए प्रेम पूर्वक रहना सीखाता है, वही गेम में विजेता प्रतियोगी को गिफ्ट भी दिया गया इस मौके पर आरती गुप्ता, संगीता अग्रवाल, सुनीता, मोहिनी, आंचल, रश्मि, मोनिका, नीतिका, शालिनी, कविता, प्रियंका, सीनू, रजनी, प्रियांशी, पारुल, अरुण, सारिका आदि सभी सदस्य उपस्थित रही 1




## महाराजा अग्रसेन संगठन ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

लोक तंत्र की शान

**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन संगठन मुरादाबाद की ओर से पंचायत भवन में सोमवार को भव्य होली उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ हुआ। उसमें दिल्ली से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम में गणेश वंदना, शिव-पार्वती होली, राधा-कृष्ण लीला, मयूर नृत्य, लठ्ठमार होली, फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। सभी अग्रबंधुओं ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। मुरादाबाद शहर के अग्र समाज के डॉ. दिशांतर गोयल, सीए गौरव अग्रवाल, सीए नितिन अग्रवाल व अनिल अग्रवाल को सम्मानित किया गया। सरप्राइज सवालों के साथ लकी ड्रा भी निकाले गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला प्रकोष्ठ संयोजिका एकता अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य नीति अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, ममता मित्तल, विशाखा मित्तल, शिखा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, रचना अग्रवाल, डा. सुगंधा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल आदि ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में कई सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे। इसका समाज के लोगों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक अग्रवाल व संयोजन हिमांशु अग्रवाल, महामंत्री अमोल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन मित्तल ने किया। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, मेयर विनोद अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, अजय गुप्ता, अनुज मित्तल, राजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## संभल में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन का 68वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी

**संभल।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर कार्यालय दीपा सराय, संभल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चेयरमैन पति चौधरी मुशीर अली खान ने पार्टी की विचारधारा, संघर्ष और जनसेवा के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन हमेशा संवैधानिक अधिकारों और समाज के वंचित वर्गों की आवाज़ उठाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। जिला अध्यक्ष असद अब्दुल्ला एवं युवा जिला अध्यक्ष नूर मोहम्मद पाशा ने अपने संबोधन में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने का आह्वान किया। नगर अध्यक्ष जनाब मेहरान तुर्क ने नगर क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों और आगामी योजनाओं की



जानकारी दी। जनाब अधिवक्ता शकील अहमद अशरफी ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही जनता की मजबूती है। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद उमर ने किया। इस अवसर पर हाफ़िज़ सलीम , हाफ़िज़ मुनव्वर , डॉ. नासिर कारी मोहम्मद रज़ा , डॉ. अहमद हसन , वसीम कुरैशी, डॉ. मोहम्मद गुलाम अंसार रिज़्वी मोहम्मद आमिर साहब, शमशाद प्रधान आरिफ चौधरी शहादत हुसैन फैजुल मुन्ना मॉडल तथा तनवीर नरौली सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में पार्टी की मजबूती, आपसी एकता और जनहित के मुद्दों पर निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया

## संक्षिप्त समाचार

### होली के दिन सुबह नहीं चलेगी पटना मेट्रो, दोपहर 2:30 बजे से सेवा होगी शुरू, पाटलिपुत्र टर्मिनल से होगा संचालन

**पटना।** होली के दिन पटना मेट्रो के समय में बदलाव किया गया है। पटना मेट्रो 4 मार्च को सुबह के समय नहीं चलेगी। होली के अवसर पर पटना मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह के सत्र में उपलब्ध नहीं रहेंगी। दोपहर 2:30 बजे से मेट्रो पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से फिर शुरू होंगी। इसके बाद मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य शेड्यूल के अनुसार संचालित होंगी। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा यह जानकारी दी गई है।



होली के बाद पटना मेट्रो आज भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक दौड़ेगी। इसके लिए पहला ट्रायल गुरुवार को हुआ। पटना मेट्रो पहली बार शहर के अंदर दौड़ी थी। भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक 2.75 किमी में मेट्रो का ट्रायल रन किया गया था। इस दौरान सिग्नलिंग सिस्टम की कपैसिटी, ब्रेकिंग सिस्टम का प्रदर्शन, ट्रैक और ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन सिस्टम, स्टेशन समन्वय और संचार व्यवस्था, आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल, ट्रेन को निर्धारित अधिकतम गति तक चलाकर सभी सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया था। पटना मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक, भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच 2.75 किमी में परिचालन की अंतिम तैयारी चल रही है। इसके बाद लोग मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक 6.2 किमी एलिवेटेड मेट्रो पर सफर करेंगे। इनके बीच पांच स्टेशन पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरोमाइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी में होंगे। खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन को एक्सचेंज स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां से कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 दोनों तरफ जाने वाली रूट की मेट्रो मिलेगी। इस कारण स्टेशन के निर्माण में समय लग रहा है।

### पवन सिंह का राज्यसभा जाना तय-करीबी गुंजन सिंह का दावा, हाल में नितिन नवीन से मिले थे पावर स्टार

**पटना।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह के खास माने जाने वाले भोजपुरी गायक गुंजन सिंह ने बड़ा दावा किया है। गुंजन सिंह ने कहा है कि पवन सिंह का राज्यसभा जाना तय है। उन्होंने कहा कि नोटिफिकेशन आने दीजिए। सब क्लीयर हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह को जवाब दिया है। अक्षरा सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा था कि, पवन सिंह सड़ा हुआ नाम है। इस पर गुंजन सिंह ने कहा, 'जब साथ थी तो क्या-क्या नहीं करती थीं। कल साथ थी तो ठीक था। अब दूर होने पर पता नहीं क्या क्या कह रही है।' गुंजन सिंह ने खेसारी लाल को कहा कि पवन भइया के बारे में बोलने से पहले सोच कर बोला करो। दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन से पवन सिंह ने हाल ही में मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद पवन सिंह ने कहा था कि नितिन नवीन से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। राज्यसभा जाने पर उन्होंने कहा था कि जो भगवान चाहेंगे वही ना होगा। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव के वक्त पवन सिंह की आरा सीट से भी चुनाव लड़ने की तेज चर्चा थी। हालांकि, पवन सिंह ने चुनाव तो नहीं लड़ा था लेकिन चुनाव में बीजेपी के लिए उन्होंने जमकर प्रचार किया था। ऐसा कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में पवन सिंह की मेहनत को देखते हुए पार्टी उन्हें राज्यसभा सीट बतौर इनाम दे सकती है। इधर, रालोमा अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा दिल्ली रवाना हुए हैं। सूत्रों की मानें तो दिल्ली में उनकी मुलाकात बीजेपी के बड़े नेताओं से हो सकती है। राज्यसभा उम्मीदवारी की चर्चा के बीच उनका यह दिल्ली दौरा महत्वपूर्ण है।



### तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, एक मौत, पोता को इलाज कराने जा रहे थे दादा

**हाजीपुर।** वैशाली में सोमवार की अहले सुबह करीब 1 बजे लालगंज के घटारो में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को करताहा पुलिस ने सदर अस्पताल हाजीपुर पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय निवासी रवि कुमार साहू के अनुसार रामनगर टोला निवासी शिवकुमार सिंह अपने पोते को इलाज कराने के लिए टेम्पू से घटारो चौक जा रहे थे। ऑटो पर शिवकुमार सिंह, उनकी बहू और पोता सवार थे, जबकि ऑटो को उनका बेटा मौसम कुमार चला रहा था। यह पूरी परिवारिक यात्रा अचानक दर्दनाक हादसे में बदल गई। लालगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टेम्पू में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पू पर सवार बहू, बेटे और पोते को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद शिवकुमार सिंह कहीं दिखाई नहीं दिए। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। कुछ दूरी पर सड़क पर ही शिवकुमार सिंह का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही करताहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने तत्काल घायलों को सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा और मृतक शिवकुमार सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद क्षेत्र में दुख और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार वाहन और रात्रि में ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही लगातार हादसों का कारण बन रही है।

### बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या, शराब पीने से रोकने पर बदमाशों ने हसुआ से काटा



**हाजीपुर।** वैशाली में एक बुजुर्ग महिला की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना राघोपुर प्रखंड के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 12 की है, जहां 70 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान दाजो देवी (लगभग 70 वर्ष), पत्नी स्वर्गीय देव विलास राय के रूप में हुई है। वह पिछले करीब 15 वर्षों से अपने घर में अकेली रह रही थीं। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है। मृतका के पुत्र सुनील राय ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व अक्सर उनके घर के पास बैठकर शराब पीते थे। उनकी मां इसका विरोध करती थीं, जिस पर उन्हें कई बार जान से मारने की धमकी दी गई थी। सुनील राय ने पुलिस को बताया कि वह और उनका भाई रांची में रहते हैं। वे एक सप्ताह पहले गांव आए थे और शुक्रवार को मां से मिलकर वापस लौट गए थे। शनिवार शाम तक उनकी मां से मोबाइल पर बातचीत हुई थी, लेकिन इसके बाद उनका फोन बंद आने लगा। रविवार रात पड़ोसियों ने सुनील राय को सूचना दी कि उनकी मां की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जहां दाजो देवी का शव घर के कमरे में खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची जुड़ावनपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना एक हसुआ बरामद किया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेज दिया गया है। परिजनों ने हत्या के साथ लूट की आशंका भी जताई है। उनका कहना है कि वृद्धा के कान में पहनी सोने की बाली और गले में पड़ी चाबी गायब है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और विभिन्न बिंदुओं पर जांच जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि मामले का जल्द खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ओझा ने बताया कि इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# कोचिंग संस्थानों अवैध होटल-हॉस्टल अस्पतालों में फायर सेफ्टी ऑडिट

**एजेंसी, पटना**

राजस्थान और महाराष्ट्र की हालिया घटनाओं के बाद बिहार में अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड में है। पटना के भीतर 150 से अधिक संस्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया है। इनमें कोचिंग संस्थान, अवैध होटल-हॉस्टल, अस्पताल और बहुमंजिला इमारतें शामिल हैं। राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि अब तक करीब 80 संस्थानों की जांच हो चुकी है। कई जगह गंभीर खामियां मिली हैं। संबंधित संस्थानों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। तय समय में सुधार नहीं हुआ तो FIR दर्ज कराई जाएगी। कुछ मामलों में वैधानिक एजेंसियों को भी पत्र लिखा गया है।



**कहां-कहां मिली खामियां:** राज्य अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि, ऐसी संस्थाओं में फायर सेफ्टी को लेकर कई खामियां पाई गईं। जांच में सामने आया कि कई इमारतों में फायर एक्सटिंग्विशर तक नहीं हैं। हाईराइज बिल्डिंग में मानकों के अनुरूप अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं। कोचिंग संस्थानों की सीढ़ियां संकीर्ण, आपात निकास का अभाव। पहुंच मार्ग तंग, जिससे दमकल वाहन पहुंचने में दिक्कत। सीढ़ियों के नीचे ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। इन सभी को नोटिस जारी किया गया है। ऐसे संस्थानों को पहले भी निर्देश दिया गया था कि मानकों को पूरा कर लें। बावजूद इसके अभी तक नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में अग्निशमन विभाग अब इनके खिलाफ सख्ती से पेश आएगा। मुसल्लहपुर, कंकड़बाग और बोरिंग रोड में सबसे ज्यादा गैदरिंग पटना के अंदर मुसल्लहपुर कंकड़बाग बोरिंग रोड का इलाका कोचिंग संस्थानों का हब है। यहां सबसे अधिक गैदरिंग होती है। यहां पर कई ऐसी संस्थाएं हैं, जिसमें कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

> ❑ पटना में 150 संस्थाओं को भेजा नोटिस, मानक नहीं पूरे किए तो होगी एफआईआर

अग्निशमन विभाग का भी इन इलाकों की संस्थाओं पर पैनी नजर है। एक टीम गठित की गई है, जो लगातार ऐसी संस्थाओं में जा रही है और उनके मानकों की जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल. आज भी अग्निशमन विभाग की कार्रवाई चल रही है। टीम सुबह से 10 से अधिक संस्थाओं की पड़ताल कर चुकी है।

#### महावीर मंदिर के संध्या आरती के समय में हुआ बदलाव

### होली के दिन से शाम 8 बजे होगी आरती, चंद्रग्रहण के कारण सात घंटे बंद रहेगा मंदिर का पट

**एजेंसी, पटना**

पटना महावीर मंदिर के संध्या आरती के समय में बदलाव किया गया है। होली के दिन से यानी 4 मार्च से अब शाम की आरती 8 बजे होगी। 3 मार्च को चंद्रग्रहण को लेकर मंदिर का पट लगभग सात घंटों के लिए बंद रहेगा। चंद्रग्रहण शाम 05:50 से 06:46 तक है। सूतक के कारण मंदिर का पट दोपहर 02:30 बजे से रात के 9 बजे तक बंद रहेगा।

इस दौरान भक्त हनुमान जी सहित किसी भी देवी-देवता का दर्शन नहीं कर सकेंगे। ग्रहण समाप्त होने और शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद रात 9:05 बजे मंदिर के पट फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। जो भी भक्त हैं, वह 02:30 बजे से पहले ही दर्शन कर सकेंगे। हालांकि, बुधवार से मंदिर का पट अपने निर्धारित समय पर ही खुलेगा।

**महावीर मंदिर प्रबंधन की ओर से दी गई जानकारी:** यह जानकारी महावीर मंदिर प्रबंधन की ओर से दी गई है। चंद्र ग्रहण के दिन मंगलवार पड़ रहा है और इस दिन हनुमान मंदिर में काफी भीड़ रहती है। मंदिर प्रबंधन ने सूचना जारी करते हुए इस बात की जानकारी दी ताकी



भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। वहीं, महावीर मंदिर प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे से रात 10:30 बजे तक खुला रहता है। मंदिर खुलते ही सुबह 5 बजे मंगला आरती होती है और फिर 11 बजे भोग आरती होती है। वहीं, संध्या आरती का समय शाम के 7:30 बजे है।

**ग्रहण के दौरान मूर्ति पूजा और मूर्तियों का स्पर्श वर्जित:** ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक ग्रहण के दौरान मूर्ति पूजा और मूर्तियों का स्पर्श वर्जित होता है। इसके अलावा भोजन पकाना या खाना, नए कार्य का आरंभ, तुलसी के पौधे को स्पर्श नहीं करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को चाकू एवं छुरी का प्रयोग नहीं करें, क्योंकि इसका सीधा असर गर्भ में पल रहे बच्चे पर होता है। चंद्रग्रहण को नग्न आंखों से न देखें। ग्रहण काल के पहले भोज्य और पेय पदार्थों में कुश रख दें।

## मद्य निषेध विभाग की छापेमारी, महिला की मौत

**एजेंसी, पटना**

पटना के बिक्रम थाना क्षेत्र स्थित अख्तियारपुर मुसहरी में सोमवार को मध्य निषेध विभाग की छापेमारी के दौरान भगदड़ मच गई। इस घटना में लक्ष्मीनीया देवी नामक एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने बिक्रम-पाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मध्य निषेध विभाग की टीम अख्तियारपुर मुसहरी में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंची थी। छापेमारी की खबर फैलते ही वहां अफरातफरी का माहौल बन गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी भगदड़ में लक्ष्मीनीया देवी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही मुसहरी



के ग्रामीण आक्रोशित हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर बिक्रम-पाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। ग्रामीण घटना की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त कर दिया और यातायात सामान्य हो सका।

## चिराग के दफ्तर में होली, रंग-गुलाल के बीच गूंजे ढोल, वीणा सिंह बोलीं-राज्यसभा पर अंतिम फैसला अध्यक्ष का

**एजेंसी, पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के कार्यालय में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। रंग-गुलाल और ढोल-नगाड़ों के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं चिराग पासवान ने भी कार्यकर्ताओं के साथ जमकर होली खेली और सभी को पर्व की बधाई दी।

**होली भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व- चिराग:** पारंपरिक गीत-संगीत के बीच कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। चिराग पासवान ने कहा कि, होली भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है, जो सभी को एकजुट करता है। उन्होंने



कामना की कि यह पर्व बिहार में सुख, शांति और विकास का संदेश लेकर आए।

**शादी के सवाल पर क्या बोले चिराग?:** कार्यक्रम के दौरान जब चिराग पासवान से उनकी शादी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि, 'इसका मेरे पास कोई जवाब नहीं है। लेकिन हर किसी के जीवन में खुशियों का संग बना रहे, यही जरूर चाहूंगा।'

**सांसद वीणा सिंह का बयान:** इस मौके पर एलजेपी (रामविलास) की सांसद वीणा सिंह ने कहा कि, 'पार्टी ने राजनीति में एक मजबूत मुकाम हासिल किया है और आगे भी संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा। बिहार की जनता ने पार्टी को आशीर्वाद दिया है। इसी का परिणाम है कि पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हम लोगों को जनता ने जो मजबूती दी है, उसके लिए हम आभारी हैं।'

**राज्यसभा चुनाव पर बोले चिराग:** राज्यसभा में एक सीट की मांग को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस विषय में अंतिम निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा और जो भी निर्णय लिया जाएगा, सभी कार्यकर्ता उसे स्वीकार करेंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए वीणा सिंह ने तेजस्वी यादव को लेकर कहा कि जब उनके पास विधायक ही नहीं हैं तो वे राज्यसभा कैसे जाएंगे?

## राज्यसभा उम्मीदवारी को लेकर उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे दिल्ली

**एजेंसी, पटना**

राज्यसभा के पास सीटों के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को दिल्ली बुलाया गया है। जानकारी के अनुसार वे दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं, जहां उनकी मुलाकात भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से हो सकती है। राज्यसभा चुनाव को लेकर चल रही अटकलों के बीच कुशवाहा का यह दिल्ली दौरा खासा अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस मुलाकात में राज्यसभा उम्मीदवारी, आगामी चुनावी रणनीति और बिहार में गठबंधन की मजबूती जैसे मुद्दों पर चर्चा संभव है।

**राज्यसभा की चर्चा से बढ़ी सरगर्मी:** बिहार में राज्यसभा की संभावित सीटों को लेकर सियासी दलों के बीच अंदरखाने मंथन जारी है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा का दिल्ली दौरा इस बात के संकेत दे रहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर कुछ बड़े राजनीतिक फैसले लिए जा सकते हैं। हालांकि, अभी तक न तो आरएलएम की ओर से



और न ही बीजेपी की तरफ से किसी आधिकारिक बयान की पुष्टि हुई है।

**मर्जर की अटकलें भी तेज:** इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के बीच संभावित विलय (मर्जर) की खबरें भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। पिछले कुछ समय से दोनों दलों के बीच बढ़ती नजदीकियों को इसी कड़ी में देखा जा रहा है। आगामी दिनों में दोनों पार्टी के औपचारिक विलय को लेकर के भी निर्णय लिया जा सकता है।

**बिहार के 5 सीटों पर चल रही मंथन:** भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा

> ❑ आरएलएम और भाजपा में मर्जर को लेकर चर्चा गर्म, बीजेपी के बड़े नेताओं से मिलकर लेंगे फैसला

कर दी है, जिनमें बिहार की 5 सीटें भी शामिल हैं। इन सीटों के लिए आधिकारिक अधिसूचना 26 फरवरी 2026 को जारी की गई और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 5 मार्च तय की गई है। मतदान और मतगणना दोनों प्रक्रियाएं 16 मार्च 2026 को संपन्न होंगी।

**बिहार के इन सांसद का कार्यकाल हो रहा खत्म:** बिहार में जिन 5 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है, उनमें राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, रामनाथ ठाकुर (JDU), प्रेम चंद्र गुप्ता, अमरेंद्र धारी सिंह (RJD) और उपेंद्र कुशवाहा (RLM) शामिल हैं। इन सीटों पर जीत के लिए एनडीए और विपक्षी महागठबंधन अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

## पटना में 15 मार्च को 7वां भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स, सिनेमा जगत की हस्तियां होंगी शामिल

**एजेंसी, पटना**

भोजपुरी सिनेमा के 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो का आयोजन 15 मार्च को राजधानी पटना के बापू सभागार में किया जाएगा। यह समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सिनेमा जगत की नामचीन हस्तियां शिरकत करेंगी। सरस सलिल के इंचार्ज भानु प्रकाश राणा ने बताया कि यह अवॉर्ड शो अब बिहार की राजधानी पटना में हो रहा है, जो एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस बार इसे और भव्य और बड़े स्तर पर किया जाएगा और दर्शकों के लिए यह मनोरंजन का शानदार अनुभव रहेगा।

भानु प्रकाश राणा ने बताया कि इस अवॉर्ड शो में नामांकित फिल्मों और कलाकारों को जूरी की ओर से चयनित कर विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण रहेंगे।

**डिजिटल युग के साथ बदला अवॉर्ड शो का स्वरूप:** भोजपुरी सिनेमा के कॉमेडियन रोहित सिंह मटरू ने बताया इस वर्ष के आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसका परिवर्तित फॉर्मेट है। बदलते समय और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉर्ड शो को तीन प्रमुख वर्गों में बांटा गया है। सिनेमा (थिएटर रिलीज फिल्में), ओटीटी प्लेटफॉर्म और यूट्यूब/टीवी कंटेंट के आधार पर बेस्ट अवॉर्ड्स दिए जाएंगे। आयोजन समिति से जुड़े बृहस्पति कुमार पांडेय



> ♦ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस होंगे

ने बताया कि भोजपुरी कंटेंट अब केवल सिनेमाघरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ओटीटी और डिजिटल माध्यमों के जरिए विश्वभर में देखा जा रहा है। ऐसे में इन प्लेटफॉर्म पर कार्य करने वाले कलाकारों और तकनीशियनों को समान मंच देना समय की आवश्यकता है।

**2020 से शुरू हुआ सम्मान का यह सिलसिला:** सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो की शुरुआत 2020 में बस्ती जिले से हुई थी, जिसका उद्देश्य था भोजपुरी सिनेमा को एक व्यवस्थित और प्रतिष्ठित मंच देना था। लोकप्रिय पत्रिका सरस सलिल की ओर से शुरू की गई इस पहल ने कुछ ही वर्षों में भोजपुरी फिल्म उद्योग में अपनी विशेष पहचान बना ली। इसके बाद अयोध्या में 3 बार, बस्ती में 2 बार, इसका आयोजन हुआ था। लगातार इस आयोजन की भव्यता और सहभागिता में वृद्धि होती गई।

## आईपीएस की बुक साइबर फ्रॉड करेगी लोगों को सतर्क

**एजेंसी, पटना**

पटना में IPS सुशील कुमार की बुक साइबर कथाएं- डिजिटल सुरक्षा की राह पर को लेकर गांधी संग्रहालय में परिचर्चा का आयोजन हुआ। परिचर्चा में बड़ी संख्या में पटना के साहित्यकार, रंगकर्मी, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। इस दौरान बुक से जुड़ी कई बातें रखी गईं। देश और प्रदेश में हो रहे साइबर क्राइम को लेकर सभी ने चिंता जताई और सुझाव भी व्यक्त किए। वहीं, किताब को लेकर कवि प्रो. रमेश ऋतंभर ने कहा कि पूंजीवाद के संकट के दौर में यह किताब हमारे अंदर के भय, छल और कपट को सामने लाती है। यह क्राइम से बचने की कोई किताब नहीं है। यह लेखन है, रचनात्मक लेखन है। आगे कहा, हमें कैसे और क्यों ठग लिया जाता है? हम लालच के कारण ठगे जा रहे हैं। यह हमारे समय समाज के अंदर के ठग लिए जाने की प्रवृत्ति को समाने लाती है। ज्यादातर जल्दी अमीर बनने और अन्य कारणों से ठगी के शिकार हो रहे हैं।

**बुक के लेखक बोले- कहानियों के जरिए दिए हैं कई संदेश:** पुस्तक लेखक सुशील कुमार ने बताया, साइबर से संबंधित अपराध जब 2015 से 2018 के बीच बढ़ रहा था, तब थाने से भगा दिया जाता था। पुस्तक को सरल




भाषा में कैसे लाई जाए यह चुनौती थी। आगे कहा, मैंने छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से अपनी बात कहने की कोशिश की। किताब को रोचक बनाने के लिए शीर्षक रखे गए हैं। सभी अच्छी कहानियां हैं पर जिनकी कहानियां हैं, उनकी निजता का सम्मान करने लिए नाम बदल दिया गया है।

**डिजिटल अरेस्ट के दौर में साइबर सुरक्षा जरूरी है:** नीरज गुरु ने कहा कि किताब का टाइटल डिजिटल सुरक्षा की राह बहुत महत्वपूर्ण है। आजकल डिजिटल अरेस्ट कर लिया जाता है। ऐसे में साइबर सुरक्षा की जरूरत है। किताब में भोजपुर जिले की एक शिक्षिका की कहानी के माध्यम से अपनी बात कही गई है। इसमें पचास कहानियां शामिल हैं। साइबर क्राइम के मोड्स ऑपरेंडी से हमें परिचित कराती है किताब। बिहार प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष व चर्चित कथाकार संतोष दीक्षित ने कहा, मेरे लिए आज दोहरी खुशी है। सुशील को मैं कवि मानता था, लेकिन अब वे कथा की ओर आ रहे हैं। साइबर क्राइम संगठित रूप से कॉल सेंटर चलाकर किया जाता है। हिंदी में यह अपने ढंग की पहली किताब है। कथा जगत का यह आधुनिक विस्तार है। अपने यहां पंचतंत्र और जातक कथाओं की बातें हमारी स्मृतियों में मौजूद हैं। यह किताब उसका आधुनिक रूप है। यह अपराध की कार्यशैली को कथाओं के माध्यम से सामने लाकर जागरूक तो बनाता ही है हमें सुरक्षित भी करता है। साइबर की दुनिया रोमांचकारी और खतरों से भी भरी हुई है। शिल्प की दृष्टि से रिपोर्ताज और कथा दोनों है। एमिटी यूनिवर्सिटी में लॉ फैकल्टी के डीन राजीव रंजन ने कहा कि साइबर अपराध जितने बड़े पैमाने पर हो रहे हैं, इससे संबंधित जितने तकनीकी टर्म्स रहे हैं।

> ♦ प्रदेश की 50 घटनाओं की कहानियां, कॉल सेंटर से बड़े पैमाने पर पनपता अपराध

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहाबाद : आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी के मजदूरों के समर्थन में जनसंगठनों ने जताया रोष, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**लोकतंत्र की शान : फतेहाबाद।** आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी के आंदोलनरत मजदूरों की मांगों के समर्थन में फतेहाबाद में सर्व कर्मचारी संघ, सीआईटीयू, किसान सभा, आल इंडिया लायर्ज बार एसोसिएशन सहित विभिन्न जन संगठनों ने डीसी कार्यालय पर रोष जताया। सोमवार को मजदूरों के शोषण के खिलाफ रोष जताते हुए जनसंगठनों ने सीटीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपकर आंदोलनरत मजदूरों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुरजीत दुसाद, सचिव रामनिवास शर्मा, ब्लॉक कैशियर प्रैमचन्द वर्मा, सीटू नेता बेगराज, ओमप्रकाश अनेजा, मदन सिंह, किसान सभा से जगतार सिंह, सचिव राजेन्द्र कुमार बाटू, छत्रपाल सिंह, आल इंडिया लॉयर्ज एसोसिएशन से देवीलाल एडवोकेट, शाहनवाज एडवोकेट, मलकीत सिंह एडवोकेट, डीवाईएफआई के जिला प्रधान पवन कुमार भूथन के नेतृत्व में सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब मजदूरों ने अपनी जायज मांगों के लिए आवाज उठाई, तो प्रबंधन और ठेकेदारों ने बातचीत के बजाय आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया। सुरजीत सिंह व ओमप्रकाश अनेजा ने कहा कि पानीपत रिफाइनरी के विस्तार कार्य में लगे लगभग 30 हजार ठेका मजदूरों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। ये मजदूर बीते 23 फरवरी से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। संगठन नेताओं ने आरोप लगाया कि रिफाइनरी प्रबंधन और ठेका कंपनियां मौजूदा श्रम कानूनों का खुलेआम उल्लंघन कर रही हैं। कार्यस्थल पर शौचालय, शुद्ध पेयजल और कैंटीन जैसी अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। 8 घंटे की कानूनी शिफ्ट के बजाय अतिरिक्त काम लिया जा रहा है और ओवरटाइम का भुगतान भी नियमानुसार नहीं हो रहा है। वेतन भुगतान में देरी और पीएफ व ईएसआई जैसे लाभों में अनियमितता बरती जा रही है। जनसंगठनों ने मांग की है कि वेतन वृद्धि समेत सभी कानूनी मांगों का त्रिपक्षीय समझौते के जरिए निपटारा हो। मजदूरों और उनके समर्थकों के खिलाफ दर्ज एफआईआर तुरंत रद्द की जाए और गिरफ्तार लोगों को रिहा किया जाए। वेतन का भुगतान हर माह की 7 तारीख तक सीधे बैंक खाते में सुनिश्चित हो। श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### स्मैक तस्करी की कोशिश नाकाम, एसएसबी ने स्मैक सहित युवक पकड़ा

**लोकतंत्र की शान : चंपावत।** भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 57वीं वाहिनी ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसएसबी ने एक नेपाली युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। यह युवक सीमा पार कर नशीला पदार्थ नेपाल ले जाने का प्रयास कर रहा था। एसएसबी को विश्वसनीय सूचना मिली थी, जिसके आधार पर शारदा बैराज के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई। जवानों ने एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से 5.36 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपित ने अपनी पहचान समीर भंडारी (20) निवासी नेपाल के रूप में बताई। प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह भारत से स्मैक खरीदकर नेपाल ले जा रहा था। यह कार्रवाई कमान अधिकारी मनोज कुमार के निर्देशन में सहायक कमांडेंट दिनेश कुमार की मौजूदगी में निरीक्षक लाल चंद के नेतृत्व में की गई। टीम में मुख्य आरक्षी सुरेंद्र और विजय कुमार के साथ आरक्षी नितीश कुमार, अरुण राठौर, आलोक कुमार और अनुराग पांडे भी शामिल थे। एसएसबी ने बरामद स्मैक और गिरफ्तार आरोपित को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बनबसा पुलिस को सौंप दिया है। सीमा सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए निगरानी और जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### लोहाघाट में प्रदेश का पहला महिला स्पोर्ट्स कॉलेज, जुलाई से शुरू करने की तैयारी

**लोकतंत्र की शान : चंपावत।** लोहाघाट स्थित छमनिया में प्रदेश के पहले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज को आगामी शैक्षणिक सत्र से शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार सिन्हा ने कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों और प्रस्तावित खेल सुविधाओं की समीक्षा की। यह संस्थान लगभग 256.96 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है। इसमें छात्राओं के लिए आधुनिक खेल अवसंरचना, छात्रावास और शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। विशेष सचिव ने अधिकारियों को छात्रावास, कक्षाओं और मल्टीपरपज हॉल की व्यवस्थाओं को तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इंडोर खेलों और फिटनेस प्रशिक्षण से जुड़ी सुविधाओं को मानकों के अनुरूप विकसित करने पर भी जोर दिया। सिन्हा ने निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एथलेटिक्स से जुड़े उपकरणों और अन्य आवश्यक ढांचे को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए फेंसिंग कार्य में तेजी लाने को भी कहा गया। विशेष सचिव ने अधिकारियों को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित प्रशासनिक और शैक्षणिक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य प्रदेश की बालिकाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि कॉलेज का संचालन आगामी सत्र से शुरू हो सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, उपजिलाधिकारी नीतू डागर, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन बिष्ट और जिला युवा कल्याण अधिकारी जसवंत खड़ायत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जींद : जेसीबी ने मारी टक्कर बाइक सवार युवक की मौत

**लोकतंत्र की शान : जींद।** नरवाना खंड के गांव लौन में गोदाम के निकट तेज रफ्तार जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक के ताऊ की शिकायत पर जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लौन निवासी रितेश रविवार सायं बाइक पर सवार होकर नरवाना की तरफ खेत में जा रहा था। रजबाहा के निकट रॉग साइड से आ रही तेजरफ्तार जेसीबी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें रितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालात में रितेश को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। जेसीबी चालक की पहचान गांव बिधराणा निवासी जयपाल के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के ताऊ धर्मपाल की शिकायत पर जेसीबी चालक जयपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यमुनानगर:स्टोन क्रेशर विवाद में बंधक बनाकर मारपीट, दूसरी ओर ब्लैकमेलिंग के आरोप

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर।** यमुनानगर जिले के बेलगढ़ क्षेत्र स्थित एक स्टोन क्रेशर प्लांट पर दो युवकों के साथ कथित मारपीट, बंधक बनाए जाने और जातिसूचक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्लांट संचालक अमित गुर्जर के खिलाफ विभिन्न धाराओं सहित एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर प्लांट संचालक ने भी दोनों युवकों पर अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। कथित पत्रकार भरत बेनिवाल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि अवैध खनन की सूचना मिलने पर वह अपने साथी संजय के साथ क्षेत्र में कवरेज के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और संजय के साथ डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट की। शिकायत के अनुसार दोनों को जबरन एक कमरे में बंद कर करीब डेढ़ घंटे तक रोके रखा गया।

# हत्यारोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा डेढ़ हजार का अर्थदण्ड

» द्वितीय अपर सत्र न्यानयालय सीधी ने सुनाया फैसला

लोकतंत्र की शान




**सीधी।** अबोध की हत्या के चिन्हित मामले में आरोपी पिता को द्वितीय अपर सत्र न्यानयालय सीधी के द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बताया गया दिनांक 29 जनवरी 2024 को सूचनाकर्ता बलजीत सिंह गोड़ पिता स्व. शिवप्रसाद सिंह गोड़ उम्र 65 वर्ष साकिन गिजवार चौकी पथरौला ग्राम गिजवार में अपना खेत देखने गया तो उसे खेत की मेड़ पर लगे पेड़ पर काफी पक्षी इक` होकर आवाज करते हुए दिखे, तब उसने वहां जाकर देखा तो उसे खेत का पानी निकालने के लिए बनी नाली में मिट्टी और पत्ते से ढका एक बच्चे का हाथ दिखाई दिया, तब बलजीत ने सरपंच एवं आस-पास के लोगों को जानकारी दी और शव मिलने के संबंध में पुलिस चौकी पथरौला में सूचना दी, जिस पर से पुलिस चौकी पथरौला द्वारा मर्ग कायम कर मृत बच्चे के शव का फोटोग्राफ निकालकर शव पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव परीक्षण कराया और मर्ग जांच के दौरान मुखबिर से यह पता लगा कि आरोपी प्रदीप करीब दो साल से एक लडक़ी को लेकर बिना विवाह किये साथ रह रहा है और कुछ समय पहले उन्हें बच्चा हुआ था, जिस पर विभा, अभियुक्त प्रदीप और उसके परिजनों से पूछताछ की गई। मृत बालक आर्यन सिह का फोटो विभा सिंह को दिखा कर पहचान कराई गई तो विभा ने मृतक को उसका और प्रदीप का पुत्र होना बताया। तब संपूर्ण मर्ग जांच, साक्षियों के कथन एवं पीएम रिपोर्ट से बालक आर्यन की मृत्यु, मृत्यु पूर्व गला दबाकर मारने से होना पाये जाने तथा शव को जमीन में छिपा कर साक्ष्य को विलोपित कर देना पाये जाने पर आरक्षी केन्द्र मझौली द्वारा धारा 302, 201 भादसं का अपराध क्रमांक 72/2024 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण को पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। मामले की विवेचना उपनिरी प्रीति वर्मा के द्वारा की गई। मामले की संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय मझौली में प्रस्तुत किया गया, जहां से अंतरण पश्चात प्रकरण द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सीधी की न्यायालय में विचारण हेतु प्राप्त हुआ, जिसके न्यायालयीन सत्र प्रकरण क्रमांक एसटी/71/2024 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक रमाशंकर दुबे के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त प्रदीप सिंह गोड़ तनय राजेन्द्र सिंह गोड़ उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गिजवार थाना मझौली जिला सीधी मप्र को धारा 302 भादवि के आरोप में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए जुर्माना तथा धारा 201 भादवि के आरोप में 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# जब सीधी के सांसद ने बीच सड़क में किया प्राथमिक उपचार,घायल की बची जान

लोकतंत्र की शान




**सीधी।** ग्राम झोंको के समीप एक सड़क दुर्घटना में रायपुर कर्चुलियान निवासी शैलेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय सीधी–सिंगरौली के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा सिंगरौली से सीधी की ओर यात्रा कर रहे थे। दुर्घटना स्थल पर घायल अवस्था में पड़े युवक को देखकर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने तत्काल अपनी गाड़ी रुकवाई। उन्होंने बिना समय गंवाए अपने ड्राइवर और सहायक को प्राथमिक उपचार सामग्री (पट्टी, औषधि आदि) लाने के निर्देश दिए और स्वयं घायल को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इसके पश्चात नजदीकी अस्पताल से एंबुलेंस बुलवाकर घायल शैलेन्द्र सिंह को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सीधी भेजा गया। सांसद के इस संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार की स्थानीय नागरिकों ने सराहना करते हुए इसे जनप्रतिनिधि के दायित्व और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# विधानसभा में गूंजा गौवंश के अपमान का मुद्दा

» पूर्व नेता प्रतिपक्ष के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को विधानसभा अध्यक्ष ने माना गम्भीर समस्या

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आरोप प्रत्यारोप और पक्ष विपक्ष की असहमति के बीच में एक मुद्दा ऐसा भी आया जिसे विपक्ष के साथ साथ सत्ता पक्ष ने पूरी संजीदगी से लिया। आवारा पशुओं से संबंधित यह मामला पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया था। आम तौर पर ध्यानाकर्षण में मामला उठाने वाले सदस्य के अतिरिक्त किसी अन्य सदस्य को स्पीकर बोलने की इजाजत नहीं देते लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पक्ष विपक्ष के कई सदस्यों को भी अपना मत रखने का अवसर दिया। अजय सिंह ने उजागर किया कि सरकार द्वारा पशुपालन विभाग पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद लगभग 10 लाख आवारा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। इन पशुओं के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं और राष्ट्रीय राजमार्गों सहित सड़कों पर यातायात बाधित हो रहा है, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। रीवा, सतना, सीधी, ग्वालियर और शिवपुरी जैसे जिलों में अरहर, चना और गेहूं की फसलें विशेष रूप से प्रभावित हुई हैं। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय और अन्य मंत्रियों ने जोर देकर कहा कि गौ-सेवा केवल पैसे से नहीं बल्कि संवेदनशीलता से होती है, और सरकार की योजनाएं देश में एक मॉडल बनेंगी। उन्होंने कहा कि शेड बनाने और भूसा भंडारण का काम पहले शुरू करने के लिए कहा जा रहा है ताकि बरसात से पहले मवेशियों को वहां स्थानांतरित किया जा सके। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि यह एक मानव जनित समस्या है और इसके समाधान के लिए सरकार और सभी सदस्यों को मिलकर काम करने की जरूरत है।

# अराजकतत्व ने थोड़ी हनुमानजी महाराज की प्रतिमा तोड़ने, तमतमाई शिवसेना ने शुरू किया आंदोलन

» सिटी कोतवाली के मझरेटी गांव का मामला आरोपियों पर रासुका व संपत्ति सीज करने की मांग

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझरेटी समर दहियन स्थित वीर हनुमान स्वामी मंदिर में प्रतिमा तोड़े जाने की घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही शिवसेना पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रशासन से दोषी शेरा खान के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रशासनिक उपस्थिति में नई प्रतिमा स्थापित कर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को पुनर्स्थापित किया जा सके। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा कि यह तीसरी बार है जब आरोपी द्वारा मंदिर को निशाना बनाया गया है, जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने का गंभीर प्रयास है। उन्होंने आरोपी पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) सहित कठोर धाराओं में कार्रवाई, जिला बदर की कार्यवाही तथा उसकी निजी संपत्ति को सीज करने की मांग उठाई है। शिवसेना ने आशंका जताई कि इस घटना के पीछे कोई संगठित साजिश या समूह भी हो सकता है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों और धार्मिक नेताओं से अपील की है कि वे ऐसी घटनाओं की खुलकर निंदा करें और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग करें, ताकि भविष्य में कोई भी असामाजिक तत्व धार्मिक स्थलों की गरिमा भंग करने का दुस्साहस न कर सके। शिवसेना ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम रह सके।

# सीईओ पर दबाव बनाने कांग्रेस विरोध में उतरी,जनपद अध्यक्ष को अपमानित करने का लगाया आरोपी,एस डी एम को ज्ञापन

» अनुसूचित जाति की महिला जनप्रतिनिधि का अपमान बर्दाश्त नहीं,दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** रामपुर नैकिन में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला साकेत के साथ हुए कथित अपमानजनक व्यवहार को लेकर कांग्रेस सेवादल ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए इस घटना के विरोध में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चुरहट पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही ज्ञापन में आमजन से जुड़ी अन्य महत्त्वपूर्ण समस्याएं जैसे धान खरीदी की राशि किसानों के खाते में अभी नहीं आई है उसे तत्काल दिलाए जाने,अमेरिका से हुई ट्रेड डील को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुये निरस्त करने,बिजली कटौती बन्द करने तथा लाडली बहना योजना में नये नाम जोडे जाने के संबंध में भी मांग की गई। सेवादल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस घटना को न केवल एक महिला जनप्रतिनिधि का अपमान बताया, बल्कि इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की खुली अवहेलना भी करार दिया। कांग्रेस सेवादल के नेताओं ने बताया कि विगत दिनों जनपद पंचायत द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य जनपद सदस्यों की उपेक्षा की गई। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान और प्रोटोकॉल नहीं दिए जाने से जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सेवादल नेताओं का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार में अधिकारियों और कर्मचारियों का रवैया निरंकुश और बेलगाम होता जा रहा है। उन्हें शासन का खुला संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण वे जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने से भी नहीं हिचक रहे हैं। कांग्रेस सेवादल ने विशेष रूप से इस बात पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया कि एक अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाली महिला जनप्रतिनिधि के साथ इस प्रकार का व्यवहार किया गया। उनका कहना है कि यह केवल उर्मिला साकेत का नहीं, बल्कि पूरे महिला समाज और दलित समाज का अपमान है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। सेवादल नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस सेवादल और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी। उक्त अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एनएसयूआई ब्लॉक मंडलम सेक्टर सहित सेवादल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फतेहाबाद : ऑनलाइन निवेश के नाम पर लाखों की ठगी करने का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान




**फतेहाबाद।** ऑनलाइन निवेश के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में जिले की भूना पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक मीणा निवासी जिला सवाई माधोपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने सोमवार को बताया कि इस बारे पुलिस ने भूना के वार्ड नं. 10 निवासी नीरज बंसल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता पेस्टीसाइड की दुकान संचालित करता है। उसने बताया कि 30 जनवरी को टेलीग्राम पर एक चैनल की लिंक पर क्लिक करने के बाद उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक ग्रुप सक्रिय हुआ। गुरप में निवेश के नाम पर 5 हजार रुपये भेजने के लिए कहा गया। इसके पश्चात विभिन्न यूपीआई आईडी पर क्यूआर कोड के माध्यम से उससे बार-बार राशि ट्रांसफर करवाई गई। आरोपियों ने पहले निवेश पर लाभ का लालच दिया और बाद में प्रोफिट शेयरिंग, जीएसटी एवं अकाउंट वेरिफिकेशन के नाम पर कुल एक लाख 23 हजार 22 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। जांच के दौरान आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला सवाई माधोपुर के गांव खंडार निवासी दीपक मीणा के रूप में हुई। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।

# राजस्थान में बढ़ी गर्मी, दिन के साथ अब रात में भी चढ़ने लगा पारा

लोकतंत्र की शान

**जयपुर।** प्रदेश में गर्मी ने मार्च की शुरुआत में ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। दिन में तेज धूप के साथ अब रात में भी तापमान बढ़ने लगा है। राज्य के अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस अधिक मापा जा रहा है। सीमावर्ती जिले बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जो इस समय सबसे अधिक है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में दोपहर के समय तेज धूप के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले दो-तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्यभर में मौसम साफ रहा और सुबह से शाम तक तेज धूप खिली रही। सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 36.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। इसके अलावा जोधपुर में 35.1, फतेहपुर में 35.5, जैसलमेर में 34.7, बीकानेर में 34.4 और जयपुर में 32.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया। दिन के साथ अब रात में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। कई शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। जैसलमेर में 20, जालोर में 20.7, फलोदी में 19.8, कोटा में 18.8 तथा जयपुर में 18 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान मापा गया। इन सभी स्थानों पर रात का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक आरएस शर्मा के अनुसार राज्य में फिलहाल किसी प्रकार की वर्षा की संभावना नहीं है।

# पुष्कर में होली मनाने आए इजरायली पर्यटक युद्ध की खबरों से चिंतित

लोकतंत्र की शान



**अजमेर।** इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध के तनाव का असर अब राजस्थान के धार्मिक पर्यटन स्थल पुष्कर में भी देखने को मिल रहा है। पारंपरिक त्योहार 'पूरीम' और होली मनाने यहां पहुंचे इजरायली पर्यटक अपने देश में रह रहे परिवार और रिश्तेदारों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। कई सैलानी लगातार फोन पर अपने परिजनों से संपर्क कर उनका हाल-चाल जान रहे हैं। इजरायली पर्यटक ईगल, जो अपने देश के किबुत्ज क्षेत्र में रहते हैं, ने भावुक होकर बताया कि उनके पांच बच्चे और 14 पोते-पोतियां इजरायल में हैं। युद्ध की खबर मिलने के बाद वे हर घंटे परिवार से बात कर उनकी सुरक्षा की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समय उनके परिवार के लिए बेहद कठिन है। वहीं, इजरायल से पुष्कर आई पर्यटक निक्की भी अपने परिवार को लेकर चिंता में हैं। पिछले 24 वर्षों से भारत आ रही निक्की विदेशी महिलाओं के समूह को राजस्थान भ्रमण पर लाती हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार हाइफा शहर में रहता है और 28 तारीख को समाचारों से युद्ध की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि भारत में लोगों का सहयोग और सद्भावना उन्हें मानसिक सहारा दे रही है, लेकिन हालात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। युद्ध की स्थिति के बीच रविवार शाम पुष्कर में मौजूद विदेशी पर्यटकों ने विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना भी की। इजरायली पर्यटक माइक ने कहा कि वह भारत में होली मनाने को लेकर बेहद उत्साहित थे, लेकिन युद्ध की खबर के बाद अपनों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही हालात सामान्य होंगे और शांति स्थापित होगी। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर पर्यटन कारोबार पर भी पड़ा है। पुष्कर के वरिष्ठ टूरिस्ट गाइड गिरिराज पाराशर के अनुसार क्षेत्र में फ्लाइट्स कैंसिल होने के कारण इस बार विदेशी पर्यटकों की संख्या कुछ कम रही है और कई नियमित पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी। हालांकि वैश्विक तनाव के बावजूद पुष्कर में होली का उत्साह बरकरार है। करीब दो हजार से अधिक विदेशी सैलानी यहां पहुंच चुके हैं। ढोल-नगाड़ों की थाप पर भारतीय और विदेशी पर्यटक एक-दूसरे को रंग लगाकर उत्सव का आनंद ले रहे हैं और साथ ही अपने परिवारों की सुख-शांति के लिए प्रार्थना भी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में आज से एक हफ्ते का सार्वजनिक अवकाश

**काठमांडू**। नेपाल में आज से एक सप्ताह लंबी सार्वजनिक छुट्टी शुरू हो गई है। होली, प्रतिनिधि सभा निर्वाचन, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और शनिवार को मिलाकर आज से लगातार सात दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। नेपाल के पहाड़ी जिलों में आज सोमवार तथा तराई मधेश में मंगलवार को होली मनाने के लिए 2 और 3 मार्च दो दिनों का सार्वजनिक अवकाश है। इसके बाद 5 मार्च को होने जा रहे मतदान को लेकर सरकार ने तीन दिनों के राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। मतदाता अपने शहर, गांव जाकर मतदान में सहभागी हो सकें और वापस अपने गंतव्य तक पहुंच जाए, इसके लिए 4, 5 और 6 मार्च को राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। इसके बाद 7 मार्च को शनिवार को नेपाल में साप्ताहिक अवकाश रहता है। ऐसे ही 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी नेपाल में सार्वजनिक अवकाश दिया जाता है। यानि आज 2 मार्च से लेकर 8 मार्च तक लगातार 7 दिनों का अवकाश है। निर्वाचन और होली के कारण आज काठमांडू की सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम देखी गई। लंबी छुट्टी के चलते इस बार बड़ी संख्या में लोग होली मनाने और मतदान में भाग लेने के लिए काठमांडू से अपने गांवों की ओर रवाना हुए हैं। यातायात व्यवसायी संघ की तरफ से बताया गया है कि काठमांडू से सिर्फ सार्वजनिक यात्रीवाहक बस के माध्यम से पिछले शुक्रवार से आज सोमवार सुबह तक करीब साढ़े तीन लाख लोग छुट्टी पर काठमांडू से गए हैं। उनका कहना है कि तराई मधेश में मंगलवार और बुधवार को होली और उसके बाद मतदान के लिए आने वाले दो दिनों में करीब 5 लाख लोगों के द्वारा काठमांडू छोड़ने का अनुमान है।

### काठमांडू सहित नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में मनाई जा रहा होली, सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक

**काठमांडू**। रंगों का पर्व होली आज राजधानी काठमांडू सहित पहाड़ी जिलों में मनाई जा रही है। होली के अवसर पर सरकार ने आज पहाड़ी जिलों में सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है। हालांकि इस बार कई प्रतिबंधों के कारण सार्वजनिक रूप से उल्लास कम नजर आ रहा है। प्रत्येक वर्ष फाल्गुण शुक्ल पूर्णिमा के दिन पहाड़ी और हिमाली जिलों में, तथा उसके अगले दिन तराई और भीतरी मधेश के जिलों में होली पर्व उत्साहपूर्वक मनाने की परंपरा रही है लेकिन होली के अगले दिन यानि 5 मार्च को मतदान होने के कारण इस बार सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन कार्यालय काठमांडू ने सार्वजनिक स्थानों और खुली सड़कों पर एकत्र होकर होली पर्व मनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। रविवार को काठमांडू जिला प्रशासन की तरफ से जारी बयान में प्रशासन ने 2 मार्च को काठमांडू में मनाए जाने वाले रंगों के पर्व होली को सार्वजनिक स्थानों पर खेलने से मना किया है। बयान में कहा गया है कि पर्व के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियां—जैसे सार्वजनिक स्थानों पर हो-हल्ला और झगड़ा करना, मादक पदार्थ का सेवन कर पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन तथा सार्वजनिक मर्यादा भंग करना, किसी की इच्छा के विरुद्ध रंग या पानी फेंकना, जबरन रंग लगाना, अत्यधिक उत्तेजना में भागदौड़ करना—न करें और न ही किसी को करने दें। पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा सदस्य निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लेने की जानकारी काठमांडू के प्रमुख जिला अधिकारी (सीडीओ) छवि लाल रिजाल ने दी है। उन्होंने कहा कि होली के मौके का फायदा उठाकर किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि न हो इसके लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है। इतना ही नहीं इस बार चुनाव को ध्यान में रखते हुए होली के दो दिन पहले से ही देशभर में शराब के बिक्री वितरण और सेवन पर भी प्रतिबंध लगाया जा चुका है जिसके कारण भी इस बार की होली में उत्साह कम नजर आ रहा है। होली के अवसर पर सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कराने वाले होटलों, रिसॉर्ट या अन्य लोगों के द्वारा भी कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है। प्रशासन ने लोगों से इस बार अपने घर में ही होली मनाने का आग्रह किया है। इस बार होली खेलते समय किसी भी राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह और उम्मीदवारों की तस्वीर अंकित भेस्ट, टी-शर्ट, कमीज और गमछा जैसे परिधानों के उपयोग पर भी स्थानीय प्रशासन ने पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।





### भारत में 2 दिन में 760+ फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली**। इजराइल-ईरान जंग के कारण बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। आज भी दिल्ली एयरपोर्ट् पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद जैसे इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के BAPS हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इजराइल-ईरान जंग पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में के हालात चिंताजनक हैं। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। हम बातचीत से समस्या का समाधान निकालने के पक्ष में हैं। मोदी ने आज दिल्ली में हैदराबाद हाउस में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद यह बात कही। इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा। भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। आज सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (PoK) में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई है, जिसमें गिलगित में यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (UNDP) का ऑफिस भी शामिल है। वहीं, स्कर्दू में एसपी ऑफिस और कई सरकारी इमारतों में भी आग लगाई गई। प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग की वजह से 7 प्रदर्शनकारी मारे गए, 12 से ज्यादा घायल हैं। यहां पर अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित की गई है। गिलगित और स्कर्दू में सिक्योरिटी हाईअलर्ट पर है। रविवार को पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा हुआ था। घुसपैठ करने वाले प्रदर्शनकारियों पर दूतावास के अंदर से गोलियां चलाई गई थीं। अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। 10 से ज्यादा घायल हैं। हंगामा इमामिया छात्र संगठन ने किया था।

### अजित पवार के बेटे ने वीडियो शेयर किया

**मुंबई**। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे जय पवार ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर VSR वेंचर्स की उड़ानों को तुरंत रोकने की मांग की। 28 जनवरी 2026 को इसी कंपनी के प्लेन क्रैश में जय के पिता अजित पवार का निधन हुआ था। जय पवार ने वीडियो शेयर कर लिखा- मैंने अपने पिता को खो दिया है... यह पीड़ा जिंदगी भर मेरे साथ रहेगी। उन्होंने लिखा कि इस वीडियो में वीएसआर के मालिक रोहित सिंह मुख्य पायलट की सीट पर उड़ान के दौरान सोते हुए दिखाई दे रहे हैं। आसमान में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। यह बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला है। जय ने लिखा कि मैं डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) से मांग करता हूं कि इस मामले में तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। पूरी जांच होने तक VSR की सभी उड़ानों को तत्काल ग्राउंड किया जाए और रोहित सिंह को तुरंत गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। यह एक बेटे की पुकार है... मेरे पिता के लिए और हर यात्री की सुरक्षा के लिए।

# अफगानिस्तान का पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर हमला

## तालिबान के मंत्री बोले- हमने डूरंड लाइन पार की, पाक का दावा- 400 अफगान लड़ाके मारे

एजेंसी, इस्लामाबाद/ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बीते चार दिनों से लगातार हवाई हमले और गोलीबारी जारी है। तालिबान सरकार का कहना है कि हमने पाकिस्तान के बेहद संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह एयरबेस रावलपिंडी में है। इसके साथ ही तालिबान के एक मंत्री ने दावा किया कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन पार कर पाकिस्तान की जमीन में घुस चुके हैं। तालिबान के मुताबिक, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए हैं। ये कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से काबुल, बगराम और अन्य इलाकों में किए गए हवाई हमलों के जवाब में की गई। दूसरी तरफ पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि अब तक 400 से ज्यादा अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं।

**पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जंग जैसे हालातः** पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत 22 फरवरी को हुई थी।



पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में TTP के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि TTP अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।

**पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 415 तालिबान लड़ाके मारेः** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हमले को 'गजब लिल हक' ऑपरेशन नाम दिया है और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। 'गजब लिल हक' का मतलब है, अपने हक के लिए खड़े होना।

वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। उसने दावा किया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और दो सैन्य मुख्यालयों समेत कई चौकियों पर कब्जा किया गया। तालिबान ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने आगे हमला किया तो और कड़ा जवाब दिया जाएगा।

## अपने पहले राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति पेजेश्कियान बोले- 'प्रतिशोध हमारा अधिकार'

एजेंसी, तेहरान




ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए तीखी चेतावनी दी। उन्होंने इसे "मुसलमानों के खिलाफ युद्ध की घोषणा" बताया और कहा कि जिम्मेदार लोगों से बदला लेना ईरान का "वैध कर्तव्य और अधिकार" है। राष्ट्र के नाम अपने पहले संदेश में पेजेश्कियान ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल दुश्मनों के ठिकानों पर "शक्तिशाली हमले" जारी रखेंगे। उन्होंने खामेनेई को "शहीद" घोषित करते हुए कहा कि देश उनके पदचिह्नों पर आगे बढ़ेगा।

**नई नेतृत्व परिषद की घोषणाः** राष्ट्रपति ने यह भी पुष्टि की कि एक "नई नेतृत्व परिषद" ने कामकाज संभाल लिया है, जो संक्रमण काल में शासन व्यवस्था की देखरेख करेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे मस्जिदों और सड़कों पर एकजुट होकर दुश्मनों की "साजिशों" को नाकाम करें। इस बीच ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इराकी कुर्दिस्तान के कुछ इलाकों पर नए हमलों की घोषणा की। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रमुख अली लारिजानी ने कहा कि सशस्त्र बल हमले के जिम्मेदार पक्षों को "अविस्मरणीय सबक" सिखाएंगे।


उल्लेखनीय है कि पेजेश्कियान 2024 में सुधारवादी उम्मीदवार के रूप में चुने गए थे। उन्होंने सितंबर 2024 में यूएन आम सभा में अपने पहले संबोधन में "राष्ट्रीय एकता" और "विश्व के साथ रचनात्मक संवाद" पर जोर दिया था। उस समय उन्होंने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं चाहता और पश्चिमी देशों के साथ तनाव कम करने के लिए तैयार है। हालांकि, अपने पहले संबोधन में नवनिर्वाचित ईरानी राष्ट्रपति का रुख पूरी तरह से रक्षात्मक और प्रतिशोधी दिखाई दिया। क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव और सर्वोच्च नेता की मौत की खबरों के बीच ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह जवाबी कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा

## एमपी-राजस्थान में तापमान 35° के पार

एजेंसी, नई दिल्ली/भोपाल/देहरादून/ चंडीगढ़

मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश में मार्च में ही तापमान 40°C तक पहुंच सकता है। मार्च के पहले सप्ताह में हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, जबकि दूसरे सप्ताह से गर्मी असर दिखाने लगेगी। दिन के साथ रातें भी गर्म होंगी। मध्य प्रदेश में रविवार को दिन का तापमान 35°C से ज्यादा रहा। खरगोन में अधिकतम तापमान 35.2°C रहा। राज्य के पचमढ़ी को छोड़कर ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 30°C से ज्यादा ही रहा। वहीं, अगले 4 दिनों में दिन के तापमान में 2°C से 4°C की बढ़ोतरी आ सकती है।

राजस्थान के बाढ़मेर में सबसे ज्यादा 36.5°C तापमान रहा, यहां न्यूनतम तापमान 23°C रहा। सीकर में भी दिन का तापमान 35.5°C रहा। अधिकांश शहरों का न्यूनतम तापमान सामान्य से 2°C से 7°C से ज्यादा रहा है। बाड़मेर में न्यूनतम




तापमान 23°C रहा। पंजाब और हरियाणा दोनों में ही पारा 32°C तक पहुंच गया है। पंजाब के फरीदकोट में तापमान 32.3°C, बठिंडा में 32.3°C रहा। हरियाणा के नारनौल में 32.2°C, भिवानी में 32.4°C, गुरुग्राम में 32.6°C, नूंह में 32.7°C तापमान रहा।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी पारा 35.4 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान के साथ दिन में गर्मी का असर बढ़ेगा। उधर, उत्तराखंड में भी गर्मी बढ़ने लगी है। राजधानी देहरादून में पारा 29°C रहा है।

## एआई समिट में शर्टलेस प्रदर्शन-यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जमानत

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली की एक कोर्ट ने AI समिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के नौ कार्यकर्ताओं को सोमवार को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ सरकार की आलोचना करने का तरीका था। इसलिए मुकदमा शुरू होने से पहले किसी को जेल में रखना कानून के मूल सिद्धांतों के खिलाफ होगा। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रदर्शन के समय लगाए गए नारे भड़काऊ नहीं थे। उनमें कोई धार्मिक या क्षेत्रीय रंग नहीं था। किसी तरह की तोड़फोड़ या लोगों को डराने का भी कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रदर्शन करने वालों को सुरक्षा के साथ बाहर ले जाया गया था। कोर्ट ने कहा- आजादी अधिकार है और जेल केवल खास स्थिति में होनी चाहिए। अगर ट्रायल से पहले किसी को बिना जरूरी कारण के जेल में रखा जाए तो यह बिना सजा तय हुए ही सजा देने जैसा होगा। न्यायिक मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) रवि ने कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।




**पुलिस ने जमानत का विरोध कियाः** दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपी, जो इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं, 20 फरवरी को एआई समिट के स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरों वाली सफेद टी-शर्ट पहनकर या हाथ में लेकर पहुंचे थे। इन टी-शर्ट्स पर इंडिया-यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और पीएम इज कम्प्रोमाइज्ड जैसे नारे लिखे थे। पुलिस ने आरोप लगाया कि वहां अंतरराष्ट्रीय मीडिया मौजूद थी और उसी दौरान नारेबाजी की गई। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई, जिससे कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस का कहना है कि इसके मेडिकल सबूत भी मौजूद हैं। जमानत की मांग का विरोध करते हुए संविधान

♦ दिल्ली कोर्ट बोली- नारे भड़काऊ नहीं थे, लोगों को डराने का सबूत नहीं

शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार देता है, लेकिन यह कुछ शर्तों के साथ आता है।

**AI समिट से जुड़ा पूरा विवाद क्या है?:** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 20 फरवरी को AI समिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'PM इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। टी-शर्ट पर PM मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी है। उस पर लिखा था- PM इज कॉम्प्रोमाइज्ड। दिल्ली पुलिस ने इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की गंभीर धाराओं के तहत FIR दर्ज की थी, जिनमें आपराधिक साजिश, पब्लिक सर्वेंट को चोट पहुंचाना, उन पर हमला करना और काम में बाधा डालना सहित कई गंभीर आरोप शामिल हैं। इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के प्रेसिडेंट, उदय भानु चिब, और पूर्व नेशनल स्पोक्सपर्सन, भूदेव शर्मा को इस सिलसिले में 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

## उप्र में संपत्ति के विवाद में बेटे ने की मां-पिता, बहन और दादी की हत्या

एजेंसी, बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में संपत्ति के विवाद में एक बेटे ने अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित ने खुद पर भी ईट मारकर जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया है।

पुलिस अधीक्षक आर.एन. सिंह ने बताया कि रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर रूदल (रामगांव) में रहने वाले बदलूराम (60) किसान थे। परिवार में पत्नी संजू (56), बेटी पार्वती (42), बेटा गुरुदेव, निरंकार और दादी शीतला (80) थीं। बड़े बेटे गुरुदेव ने बताया कि कुछ साल पहले पिता ने जमीन बेची थी। उस पैसे और संपत्ति को लेकर छोटे भाई निरंकार से विवाद चल रहा था। उसी पैसे के बंटवारे के लिए रविवार रात को छोटा भाई घर आया। पिता ने पैसे देने से मना किया तो उसने पास रखी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बीच बचाव के दौरान उसने मां संजू, बहन पार्वती और दादी शीतला पर भी कुल्हाड़ी से कई प्रहार कर दिए। स्थानीय लोग जब उसे पकड़ने लगे तो उसने अपने सिर पर भी



ईंट मारकर लहूलुहान कर लिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पिता, मां, बहन और दादी को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल आरोपित निरंकार को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके से खून से सनी कुल्हाड़ी और एक ईंट बरामद की है।

उन्होंने बताया कि गुरुदेव की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के पीछे संपत्ति के बंटवारे की बात सामने आ रही है। इसी के चलते ही आरोपित ने अपने ही परिवार को मौत के घाट उतार दिया है। घटना में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## इंडिया यूथ फ्रंट ने चिब की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडिया यूथ फ्रंट ने भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। भारतीय युवा कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को पत्रकार वार्ता में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार से माफी की मांग की। युवा कांग्रेस की महासचिव सुरभि द्विवेदी ने कहा कि न्यायालय ने हमारे प्रदर्शन को भड़काऊ और देश विरोधी नहीं पटाया। न्यायालय की टिप्पणी के बाद प्रधानमंत्री को माफी मांगनी चाहिए। देश के लिए आवाज उठाने पर संगठन को नंगा कहा गया।

शरद पवार धड़े की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहाद अहमद ने कहा कि जिस भी दबाव में जमानत याचिका खारिज की जा रही है, वह दबाव हटेगा। उदय भानु चिब शीघ्र रिहा होंगे। किसी भी प्रदर्शन को दबाने से वह और बड़ा होता है। सरकार आवाज नहीं दबा सकती। प्रदर्शन जारी रहेगा।

मुस्लिम यूथ लीग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अंसारी ने कहा कि सरकार देश के आंतरिक निर्णय बाहरी दबाव में ले रही है। अमेरिका के साथ समझौते से देश के हितों से समझौता किया गया। युवा कांग्रेस बड़े संगठनों में



से एक है। उसके अध्यक्ष को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किया गया। यदि उन्हें शीघ्र नहीं छोड़ा गया तो सड़कों पर प्रदर्शन होगा।

आम आदमी पार्टी छात्र विंग के राष्ट्रीय प्रभारी अनुराग निगम ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से देश को बेचने का काम किया गया। आईवाईसी ने भारत मंडपम में अन्य देशों की तकनीक को अपना बताकर प्रस्तुत करने का विरोध किया। किसानों और व्यापारियों के हितों के खिलाफ कदमों का भी विरोध किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विरोध से डर गई है और नेता को जेल भेज दिया। ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के हरीश बाला ने कहा कि देश के हितों से समझौता किया जा रहा है। सरकार जनता की आवाज दबा रही है।

## भोपाल में एम्स-पीपुल्स यूनिवर्सिटी को उड़ाने की धमकी...झूठी निकली

एजेंसी, भोपाल

भोपाल स्थित एम्स और पीपुल्स यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरा ई-मेल सोमवार तड़के करीब 3 बजे दोनों संस्थानों को अलग-अलग भेजा गया। इसमें लिखा था- आपके कॉलेज में सायनाइड पॉइजन वाले बम रखे गए हैं, जो दोपहर 12:15 बजे ब्लास्ट करेंगे। सुबह 11 बजे तक डॉक्टरों और स्टूडेंट्स को निकाल लें। अल्लाह हू अकबर। सूचना मिलते ही संबंधित थानों की पुलिस, बम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची और सर्चिंग शुरू की। एम्स में बागसेवनिया थाने के टीआई अमित सोनी और उनकी टीम ने तलाशी अभियान चलाया। वहीं, पीपुल्स यूनिवर्सिटी में निशातपुरा टीआई मनोज पटवा सहित थाना स्टाफ ने सर्च ऑपरेशन किया। बम डिस्पोजल और डॉग



स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचे। लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने ई-मेल आईडी और आईपी एड्रेस के आधार पर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल को भी मामले में शामिल किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही धमकी देने वाले की पहचान कर ली जाएगी। इससे पहले 19 फरवरी को भी पीपुल्स मेडिकल कॉलेज को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। उस समय भी पुलिस और बम स्क्वॉड ने जांच अभियान चलाया था। हालांकि, परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था।

## आज भी दुबई में फंसे रहेंगे एमपी के लोग

एजेंसी, इंदौर

ईरान और इजराइल में युद्ध के बीच ईरान ने यूएई सहित आठ देशों में मिसाइल हमले शुरू कर दिए हैं। इसमें यूएई भी शामिल है। इसके कारण यूएई के सभी एयरपोर्ट (दुबई, शारजाह और अबूधाबी) कल से बंद हैं। 28 फरवरी से कैंसिल शारजाह से इंदौर आने और जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आज भी निरस्त कर दी गई हैं। इसके कारण इंदौर सहित प्रदेश के सैकड़ों यात्री यूएई में फंस गए हैं। दो पूर्व विधायकों सहित इंदौर के एक बड़े कारोबारी और उनके साथी दुबई की जिस होटल में ठहरे थे, उसके पास की ही पार्क जुमेरा होटल में मिसाइल गिरी और धमाका हुआ। घटना के बाद इंदौर के सभी लोगों ने उस इलाके को छोड़कर दूसरी होटल में शरण ली। कारोबारी पिंटू छाबड़ा ने बताया कि उनके परिजन और सभी साथी सुरक्षित हैं। इंदौर से गया एक अन्य परिवार अबूधाबी में फंसा है। हालांकि वहां हालात सामान्य हैं, लेकिन फ्लाइटों के बंद होने के कारण वापसी मुश्किल हो रही है।



इधर, इंदौरियों के दुबई सहित यूएई के विभिन्न शहरों में फंसने की खबर के बाद मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने ताजा हालातों की जानकारी लेते हुए दिल्ली में विभिन्न मंत्रालयों से संपर्क कर दुबई में फंसे इंदौर के लोगों की वापसी के उपायों के बारे में चर्चा की। उन्होंने दुबई में फंसे पूर्व विधायकों सहित कारोबारी पिंटू छाबड़ा से चर्चा कर कहा कि वे ओमान से लौटने का प्रयास करें, फिलहाल भारत-ओमान के बीच हवाई संपर्क जारी है। मंत्री ने यूएई में फंसे लोगों को भारतीय दूतावास से संपर्क रखने और उनकी हिदायतें मानने की भी सलाह दी।

**इंदौर से शारजाह के बीच नियमित उड़ानः** एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा इंदौर से शारजाह के बीच नियमित उड़ानों का संचालन किया जाता है। 28 फरवरी से ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुए युद्ध के चलते कंपनी ने अपनी आने और जाने वाली उड़ानों को निरस्त कर दिया था और आज भी उड़ानें निरस्त करने की घोषणा की है। ऐसे में शारजाह, अबूधाबी और दुबई से इंदौर आने वाले यात्री वहीं फंस गए हैं। इंदौर से दुबई गए दो पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल के साथ ही कारोबारी पिंटू छाबड़ा, उनका बेटा करण छाबड़ा और बहू के साथ ही प्रवीण कक्कड़, संजय अग्रवाल एवं अन्य साथी दुबई गए हुए हैं।

**होटल के पास धमाकाः** दुबई में फंसे पूर्व विधायक सहित अन्य यात्री शनिवार को ही लौटने वाले थे, लेकिन वे जिस होटल में ठहरे थे, उसके पास ही स्थित पार्क जुमेरा होटल में धमाके के बाद उन्होंने भारतीय दूतावास की सलाह पर उक्त इलाका छोड़कर अन्य इलाके में स्थित होटल हयात में शरण ली।

# एफएसएसएआई की ताज़ा मिल्क सर्विलांस रिपोर्ट 2025- जांच में 38 प्रतिशत नमूने मिलावटी, हर तीन में से एक नमूना फेल -उम्र कैद व 10 लाख तक जुर्माना जैसे प्रावधान निष्प्रभावी? -एक समग्र विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» वैश्विक दूध उत्पादन में भारत क़ी लगभग 25 प्रतिशत हिस्सेदारी -उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि के बावजूद गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगे?

» दूध में पानी,डिटर्जेंट, यूरिया, स्टार्च या सिंथेटिक रसायन मिलाना न केवल आर्थिक धोखाधड़ी है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम- शासन प्रशासन को तुरंत एक्शन मोड में आने की ज़रूरत -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र







**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर वर्तमान डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में जहां एक ओर डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन ट्रेसबिलिटी और स्मार्ट सप्लाई चेन जैसी तकनीकें विकसित हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर खाद्य पदार्थों में मिलावट का संकट भी समानांतर रूप से बढ़ता दिखाई दे रहा है।यह विरोधाभास विशेष रूप से भारत जैसे विशाल उपभोक्ता बाजार में अधिक स्पष्ट है।त्योहारों का मौसममें विशेषकर होली के त्योहार से शुरू हो जाता है,मिठाइयाँ,घी खोआ और दूध की मांग को कई गुना बढ़ा देता है। ऐसे समय में खाद्य सुरक्षा नियामक संस्था भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा राज्यों को मिलावट रोकने हेतु सख्त निगरानी के निर्देश जारी करना इस संकट की गंभीरता को दर्शाता है। हाल ही में कुछ दिनों पूर्व जारी की गई एफएसएसएआई की मिल्क सर्विलांस रिपोर्ट में चौंकाने वाले निष्कर्ष आए है जिससे शासन प्रशासन को एक्शन लेना जरूरी हो गया है। हालिया मिल्क सर्विलांस रिपोर्ट 2025-26 में यह सामने आया कि लगभग 33 से 38 प्रतिशत दूध के नमूने गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे।इनमें पानी,डिटर्जेंट,यूरिया, न्यूट्रलाइज़र और अन्य रासायनिक तत्वों की मिलावट पाई गई। कुछ पैकेटबंद दूध के नमूनों में कोलिफॉर्म बैक्टीरिया और टोटल प्लेट काउंट स्वीकार्य सीमा से कई गुना अधिक दर्ज किया गया। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यह केवल गुणवत्ता का प्रश्न नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए प्रत्यक्ष खतरा है। दूध, जो बच्चों, बुजुर्गों और रोगियों के लिए पोषण का प्रमुख स्त्रोत है, यदि संदूषित हो जाए तो इसका प्रभाव दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में सामने आ सकता है। रिपोर्ट में क्षेत्रीय असमानता भी दर्ज की गई है।उत्तर भारत सबसे अधिक प्रभावित इसको समझने की करें तो रिपोर्ट के अनुसार उत्तर भारत में 47 प्रतिशत नमूने मानकों में विफल पाए गए, जो इसे सबसे असुरक्षित क्षेत्र बनाता है। इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन की एक ताजा स्टडी में 330 नमूनों की जांच की गई, जिसमें से 70.6 प्रतिशत में गंभीर मिलावट पाईगई। मिलावट के मुख्य कारक इस प्रकार हैं:पानी:193 नमूनों में मात्रा बढ़ाने के लिए पानी मिलाया गया।डिटर्जेंट (23.9 प्रतिशत ):झाग बनाने और दूध को गाढ़ा दिखाने के लिए।यूरिया (9.1प्रतिशत ):फैट और प्रोटीन की मात्रा को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के लिए।विशेषज्ञों का कहना है कि कोलीफॉर्म और डिटर्जेंट युक्त दूध पीने से पेट में संक्रमण, किडनी की बीमारी और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे दूध खरीदने से पहले ब्रांड की लेटेस्ट लैब रिपोर्ट और एफएसएसएआई मार्क की जांच जरूर करें।पश्चिम भारत में यह आंकड़ा 23 प्रतिशत,दक्षिण भारत में 18 प्रतिशत और पूर्वी भारत में 13 प्रतिशत रहा।उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे बड़े दुग्ध उत्पादक राज्यों में मिलावट की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है,जबकि तमिलनाडु और केरल जैसे दक्षिणी राज्यों में भी उल्लेखनीय मामलों की पुष्टि हुई।यह क्षेत्रीय असमानता संकेत देती है कि निगरानी, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और प्रवर्तन क्षमता में बहुत मात्रा में अंतर है। साथियों बात अगर हम भारतः विश्व का सबसे बहुत बड़ा दूध उत्पादक फिर भी संकटग्रस्त इसको समझने की करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2025 में भारत का कुल दूध उत्पादन 24.8 करोड़ टन तक पहुंच गया है। पिछले 11 वर्षों में उत्पादन में 69.4 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। प्रति व्यक्ति उपलब्धता 485 ग्राम प्रतिदिन हो गई है, जो वैश्विक औसत (लगभग 328 ग्राम) से कहीं अधिक है। भारत वैश्विक दूध उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। परंतु विडंबना यह है कि उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि के बावजूद गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मात्रा की दौड़ में गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र पीछे छूट गया है।हाल ही में ट्रस्टिफाइड नामक स्वतंत्र लैब टेस्टिंग प्लेटफॉर्म की रिपोर्ट में दावा किया गया कि कुछ प्रतिष्ठित पैकेज्ड दूध ब्रांड्स में कोलिफॉर्म बैक्टीरिया निर्धारित सीमा से 98 गुना तक अधिक पाया गया। इस खुलासे ने उपभोक्ताओं के विश्वास को झटका दिया है। डिजिटल युग में जहां उपभोक्ता जागरूकता सोशल मीडिया के माध्यम से तीव्रता से फैलती है,ऐसे खुलासे कंपनियों की ब्रांड वैल्यू और बाजार हिस्सेदारी को गहरा व भारी मात्रा में नुकसान पहुंचा सकते हैं। साथियों बात अगर हम दूध में मिलावटः केवल धोखाधड़ी नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य पर हमला इसको समझने की करें तो,दूध में पानी, डिटर्जेंट, यूरिया, स्टार्च या सिंथेटिक रसायन मिलाना न केवल आर्थिक धोखाधड़ी है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम है। यूरिया और डिटर्जेंट जैसे तत्व गुर्दे, लीवर और पाचन तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।कोलिफॉर्म बैक्टीरिया की उपस्थिति जलजनित रोगों और फूड पॉइजनिंग का संकेत देती है। बच्चों में यह संक्रमण, डायरिया और दीर्घकालिक कुपोषण का कारण बन सकता है।कानूनी ढांचाः कड़े प्रावधान, कमजोर क्रियान्वयन भारत में दूध मिलावट एक गंभीर दंडनीय अपराध है। फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डड्र्स एक्ट की धारा 59 के तहत असुरक्षित भोजन के लिए छह वर्ष तक की सजा और पांच लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है; मृत्यु होने पर आजीवन कारावास और न्यूनतम दस लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 51 सब-स्टैंडर्ड खाद्य के लिए पांच लाख तक जुर्माना, धारा 52 गलत ब्रांडिंग के लिए तीन लाख तक जुर्माना और धारा 53 भ्रामक विज्ञापन के लिए दस लाख तक जुर्माना निर्धारित करती है।इसके अतिरिक्त इंडियन पेनल कोड की धारा 272 (खाद्य पदार्थ में मिलावट) और 273 (हानिकारक खाद्य की बिक्री) के तहत छह माह तक की सजा का प्रावधान है, जबकि धारा 420 के अंतर्गत धोखाधड़ी के लिए सात वर्ष तक की सजा हो सकती है।एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट के अंतर्गत भी आवश्यक वस्तु घोषित क्षेत्रों में अतिरिक्त कार्रवाई संभव है।कई राज्यों ने इसे गैर- जमानती अपराध बनाकर कठोर संशोधन किए हैं।क्रियान्वयन कीसबसे बढ़ी चुनौतीः प्रशासनिक ढिलाई या संरचनात्मक कमी ?यद्यपि कानून सख्त हैं,परंतु विशेषज्ञों का मत है कि उनका क्रियान्वयन अपेक्षित कठोरता से नहीं हो पा रहा। निरीक्षण की संख्या, लैब परीक्षण क्षमता और अभियोजन की गति में सुधार की आवश्यकता है। कई मामलों में दोष सिद्धि दर कम रहती है, जिससे मिलावटखोरों में दंड का भय कम हो जाता है। लाइसेंस रद्द करना, प्रतिष्ठान सील करना और पुनरावृत्ति पर कठोर दंड जैसे प्रावधानों का प्रभावी उपयोग जरूरी है। साथियों बात कर हम क्या कुछ आलोचकों द्वारा आरोप क़ि दूध आयात की जमीन तैयार हो रही है? इसको समझने की करें तो कुछ विशेषज्ञों और राजनीतिक विश्लेषकों ने यह प्रश्न उठाया है कि बढ़ती मिलावट और गुणवत्ता संकट की चर्चा कहीं भविष्य में दूध आयात के लिए माहौल तैयार करने का प्रयास तो नहीं। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है,परंतु बढ़ती खपत और गुणवत्ता संबंधी चिंताओं ने इस बहस को जन्म दिया है। भारत जैसे देश में, जहां दुग्ध अर्थव्यवस्था करोड़ों किसानों की आजीविका से जुड़ी है, आयात नीति का प्रभाव व्यापक सामाजिक-आर्थिक परिणाम ला सकता है। साथियों बात अगरहम डिजिटल समाधानः एआई, ब्लॉकचेन और ट्रेसबिलिटी इसको समझने की करें तो डिजिटल और एआई तकनीकें इस संकट कासमाधान भी प्रस्तुत कर सकती हैं। ब्लॉकचेन आधारित ट्रेसबिलिटी से दूध की पूरी आपूर्ति श्रृंखला को ट्रैक किया जा सकता है,गांव के डेयरी फार्म से लेकर शहर के रिटेल स्टोर तक। एआई आधारित सेंसर और रीयल-टाइम टेस्टिंग किट्स मिलावट का तुरंत पता लगा सकती हैं। मोबाइल ऐप्स के माध्यम से उपभोक्ता शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और लैब रिपोर्ट्स सार्वजनिक डोमेन में अति शीघ्रता से पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जा सकती हैं। साथियों बात अगर हम त्योहारी सटीक सतर्कताःको समझने की करें तो एफएसएसएआई का मिलावट विरोधी अभियान-2026,त्योहारों से पूर्व एफएसएसएआई ने राज्यों को मिलावट विरोधी अभियान- 2026 के तहत निरीक्षण और सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से मिठाइयां, नमकीन, खाद्य तेल, घी, खोआ और पनीर जैसे उत्पादों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। चिन्हित हॉटस्पॉट और संवेदनशील क्षेत्रों में छापेमारी और त्वरित कार्रवाई की सटीक रणनीति तत्परता से अपनाई जा रही है। साथियों बात अगर हम पूरी दुनियाँ के उपभोक्ताओं क़ो जागरूक होना अत्यंत जरूरी है, इसको समझने की करें तोसख्त कानून और प्रशासनिक कार्रवाई के साथ- साथ उपभोक्ता जागरूकता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पैकेजिंग पर एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर की जांच, एक्सपायरी डेट देखना, और संदिग्ध स्वाद या गंध की स्थिति में शिकायत दर्ज कराना,ये छोटे कदम बड़े परिणाम दे सकते हैं। उपभोक्ता फोरम, राज्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी औरएफएसएसएआई हेल्पलाइन शिकायत दर्ज करने के प्रमुख माध्यम हैं। साथियों बात अगर हम इस पूरे मुद्दे को अंतरराष्ट्रीयसंदर्भ और भारत की प्रतिष्ठा से जोड़कर समझने की करें तो भारत की वैश्विक दुग्ध उत्पादन में अग्रणी स्थिति उसकी कृषि और सहकारी संरचना,विशेषकर अमूल मॉडल की सफलता का परिणाम है।परंतु यदि गुणवत्ता संकट गहराता है तो अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निर्यात संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ सकता है। वैश्विक मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करना भारत की प्रतिष्ठा और आर्थिक हित दोनों के लिए अनिवार्य है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेष कारण चरण करें तो हम पाएंगे क़ि मात्रा से गुणवत्ता की ओर निर्णायक कदम,डिजिटल युग में जहां सूचना तुरंत फैलती है,वहां खाद्य मिलावट जैसे मुद्दे सरकार, उद्योग और समाज सभी के लिए चुनौती बन जाते हैं। भारत ने उत्पादन में विश्व नेतृत्व हासिल कर लिया है, परंतु अब समय है कि गुणवत्ता नियंत्रण, प्रवर्तन सख्ती और तकनीकी नवाचार के माध्यम से विश्वास की पुनर्स्थापना की जाए। दूध केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के पोषण, किसानों की आय और राष्ट्र की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा आधार है। यदि मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाया गया, तो भारत न केवल उत्पादन में बल्कि गुणवत्ता और सुरक्षा में भी विश्व नेतृत्व स्थापित कर सकता है।

**-संकलनकर्ता लेखक**
**- क़र विशेषज्ञ स्तंभकार**
**साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक**
**चिंतक कवि संगीत माध्यमा**
**सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन**
**सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**
**महाराष्ट्र 9284141425**


# सदाआनंद रहें यही द्वारे मोहन खेले होरी हो



लेखक- बिनोद कुमार सिंह

भारत पर्व-त्योहारों का देश है -विविधताओं से भरा, .किंतु सांस्कृतिक आत्मा से एकसूत्र में गुँथा हुआ। इसी सांस्कृतिक चेतना के विराट आकाश में यदि कोई उत्सव अपनी बहुरंगी छटा,लोक ध्वनि,पौराणिक स्मृतियों और प्रेमरस की मधुरता के कारण सर्वाधिक जीवंत प्रतीत होता है, तो वह होली है।होली केवल रंगों का उत्सव नहीं,यह ऋतु-परिवर्तन का सांस्कृतिक विधान, लोकजीवन का उत्स, संगीत और किंदन्तियों का आलोक तथा सामाजिक समरसता का सजीव प्रतीक है। फाल्गुन के आगमन के साथ जब शीत ऋतु की कठोरता शिथिल पड़ती है,आम्र-मंजरियों की सुगंध वातावरण में घुलती है और प्रकृति नवयौवन से दीप्त होती है, तब भारतीय जनमानस में होली की स्मृतियाँ और परम्पराएँ जाग उठती हैं। यह केवल मौसम का परिवर्तन नहीं,जीवन के नवोन्मेष का संकेत है-जड़ता से चेतना की ओर, संकुचन से विस्तार की ओर। होली का पौराणिक आधार भारतीय मानस में गहरे प्रतिष्ठित है।भक्त प्रह्लाद,असुरराज हिरण्यकशिपु और होलिका की कथा धर्म और अधर्म, आस्था और अहंकार के शाश्वत संघर्ष की प्रतीक है।फाल्गुन पूर्णिमा की रात्रि को प्रज्ज्वलित होलिका- दहन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं,अपितु आत्मशुद्धि और सामाजिक चेतना का संस्कार है। अग्नि की परिक्रमा करते समय व्यक्ति अपने अंतःकरण की नकारात्मकताओं को त्यागने और सत्य, करुणा तथा नवजीवन का संकल्प लेने का भाव जगाता है। कृषि-संस्कृति से जुड़े समाज में यह पर्व नई फसल के स्वागत का भी प्रतीक रहा है।खेतों की हरियाली, श्रम की सार्थकता और सामूहिक उल्लास - ये सब होली की अग्नि में मानो संस्कारित होते हैं। इस प्रकार होली केवल पौराणिक स्मृति नहीं, ग्रामीण जीवन की धड़कन भी है। ब्रजभूमि में होली का स्वरूप विशिष्ट सांस्कृतिक आयाम ग्रहण करता है। मथुरा,वृंदावन और बरसाना की होली भारतीय लोकपरम्परा का सजीव उदाहरण है। यहाँ यह उत्सव केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण की प्रेमलीलाओं की सांस्कृतिक पुनर्रचना है।बरसाना की लठमार होली में स्त्रियाँ पारम्परिक परिधान धारण कर लाठियों के साथ प्रतीकात्मक नृत्य-नाट्य प्रस्तुत करती हैं और पुरुष ढाल लेकर उस रसपूर्ण परम्परा को निभाते हैं।यह आयोजन केवल हास्य-परिहास नहीं, लोकनाट्य की सशक्त अभिव्यक्ति है,जिसमें प्रेम का अल्हड़पन और सामाजिक संवाद का सहज स्वर मिलता है। वृंदावन के मंदिरों में फूलों की होली का विशेष महत्व है। पुष्पवर्षा के बीच गाए जाने वाले होरी-गीत वातावरण को भक्ति और श्रृंगार-रस से परिपूर्ण कर देते हैं। "आज बिरज में होरी रे रसिया" जैसे पद केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्मृति के संवाहक हैं।उनमें राधा का मान, कृष्ण की चंचलता, गोपियों की अनुरक्ति और ब्रज की रसमयी चेतना सजीव हो उठती है। होली के साथ जुड़ी एक अन्य किंदन्ती शिव-पार्वती से भी सम्बद्ध है।फाल्गुन की मादकता में जब कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या भंग करने का प्रयास किया,तब शिव के तृतीय नेत्र की ज्वाला से उसका दहन हुआ।किंतु रति के करुण विलाप से प्रसन्न होकर शिव ने उसे अनंग रूप में पुनर्जीवन दिया। इस कथा में काम,संयम और करुणा का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है - जो होली के प्रेमरस को एक आध्यात्मिक आधार प्रदान करता है। भारतीय शास्त्रीय संगीत में भी होरी का विशिष्ट स्थान है।धमार,ठुमरी और दादरा जैसी शैलियों में होली के पदों का गायन होता रहा है। श्रृंगार और भक्ति का यह अद्भुत संगम भारतीय संगीत परम्परा की गहराई को दर्शाता है।लोक और शास्त्र का यह सेतु ही हमारी सांस्कृतिक पहचान है। उत्तर भारत में फाग या फगुआ के नाम से प्रचलित लोकगीत होली की आत्मा हैं।ढोलक,मंजीरा और झांझ की थाप पर गूँजते ये गीत समाज को एक सूत्र में बाँधते हैं। अवध में चौताल और धमाल की परम्परा,बिहार और पूर्वांचल में फगुआ की विशिष्ट शैली, राजस्थान में गेर नृत्य - ये सभी होली के विविध रंग हैं।

# आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामेनेई का जाना: इस्लामी दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति



ब्यूरो चीफ सना खान की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि

इतिहास गवाह है कि कुछ व्यक्तित्व केवल अपने देश के नेता नहीं होते, बल्कि वे एक युग, एक विचारधारा और एक सभ्यतागत चेतना के प्रतिनिधि बन जाते हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता Ali Khamenei ऐसे ही विरल व्यक्तित्वों में शामिल हैं, जिनकी भूमिका राजनीति से कहीं आगे बढ़कर धार्मिक मार्गदर्शन, वैचारिक प्रतिरोध और वैश्विक इस्लामी चेतना के निर्माण से जुड़ी रही है। यदि उनका जाना होता है, तो यह केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि इस्लामी दुनिया के लिए एक गहरी वैचारिक और आध्यात्मिक क्षति के रूप में देखा जाएगा।

**एक नेता नहीं, उम्माह की आवाज़**–आयतुल्लाह ख़ामेनेई ने अपने लंबे नेतृत्व काल में स्वयं को केवल एक राष्ट्राध्यक्ष के रूप में सीमित नहीं रखा। उन्होंने इस्लाम को जीवन की संपूर्ण व्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया — जिसमें न्याय, आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और नैतिकता को केंद्रीय स्थान दिया गया। उनके भाषणों और विचारों में बार-बार यह संदेश उभरता है कि मुसलमानों की असली शक्ति उनकी आस्था, ज्ञान और आत्मनिर्भरता में निहित है। उन्होंने ऐसे समय में नेतृत्व संभाला जब वैश्विक राजनीति में शक्तिशाली राष्ट्रों का दबाव बढ़ रहा था। आर्थिक प्रतिबंधों, कूटनीतिक अलगाव और निरंतर चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने देश को वैचारिक दृढ़ता और राष्ट्रीय आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया। यही कारण है कि उनके समर्थक उन्हें केवल राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि "प्रतिरोध और आत्मसम्मान" की जीवित मिसाल मानते हैं।

**इस्लामी गरिमा और प्रतिरोध की प्रतीकात्मक आवाज़**–ख़ामेनेई साहब की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने इस्लामी दुनिया को आत्महीनता से बाहर निकलने का संदेश दिया। उन्होंने बार-बार यह कहा कि मुसलमानों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक मूल्यों पर गर्व करना चाहिए और बाहरी शक्तियों के दबाव में अपनी दिशा नहीं खोनी चाहिए। उनकी दृष्टि में इस्लाम केवल इबादत का धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और उत्पीड़न के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा है। यही कारण है कि दुनिया के अनेक हिस्सों में उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में देखा गया जिसने कमजोर और दबे-कुचले समाजों की आवाज़ उठाने का साहस दिखाया।

**मुस्लिम एकता का सतत संदेश**–आज जब इस्लामी दुनिया आंतरिक विभाजनों और सांप्रदायिक तनावों से जूझ रही है, ख़ामेनेई ने लगातार मुस्लिम एकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शिया-सुन्नी मतभेदों को इस्लाम की कमजोरी बताते हुए साझा मूल्यों पर आधारित सहयोग की बात की।

उनका मानना रहा कि उम्माह की शक्ति उसकी एकता में है, न कि विभाजन में। इस दृष्टिकोण ने उन्हें केवल ईरान का नेता नहीं, बल्कि व्यापक इस्लामी विमर्श का महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बना दिया।

**राजनीतिक दूरदर्शिता और वैश्विक प्रभाव**–पश्चिम एशिया की राजनीति में उनकी रणनीतिक सोच ने ईरान को एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित किया। उन्होंने बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच स्वतंत्र नीति अपनाने पर जोर दिया और यह संदेश दिया कि कोई भी राष्ट्र अपनी पहचान और संप्रभुता की रक्षा करते हुए भी वैश्विक मंच पर सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकता है। उनकी राजनीतिक दूरदर्शिता ने समर्थकों के बीच यह विश्वास पैदा किया कि मजबूत नेतृत्व कठिन परिस्थितियों को अवसर में बदल सकता है। इसलिए उनका जाना केवल एक व्यक्ति की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि उस स्थिरता और मार्गदर्शन की कमी होगी जिसने दशकों तक दिशा प्रदान की।


**आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में भूमिका**–ख़ामेनेई साहब की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण उनका आध्यात्मिक व्यक्तित्व भी रहा है। उनके विचारों में नैतिक अनुशासन, युवाओं की जिम्मेदारी, शिक्षा का महत्व और सांस्कृतिक आत्मविश्वास प्रमुख विषय रहे हैं। वे राजनीति को नैतिक मूल्यों से जोड़ने की बात करते रहे — जो आधुनिक समय में दुर्लभ दृष्टिकोण माना जाता है। उनके अनुयायियों के लिए वे केवल नेता नहीं, बल्कि प्रेरणा, धैर्य और विश्वास का स्रोत रहे हैं। इसलिए उनका जाना भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तर पर भी गहरी रिक्तता उत्पन्न करेगा।

**क्यों होगा यह इस्लामी दुनिया के लिए बड़ा नुकसान? आयतुल्लाह ख़ामेनेई का महत्व केवल उनके पद में नहीं, बल्कि उस वैचारिक निरंतरता में है जिसे उन्होंने दशकों तक बनाए रखा। उनके जाने से:**

इस्लामी प्रतिरोध की एक मजबूत आवाज़ कमजोर पड़ सकती है, वैचारिक नेतृत्व में शून्यता पैदा हो सकती है, और मुस्लिम दुनिया को एक अनुभवी मार्गदर्शक की कमी महसूस हो सकती है। ऐसे व्यक्तित्व बार-बार इतिहास में जन्म नहीं लेते। वे अपने समय को आकार देते हैं और आने वाली पीढ़ियों को दिशा प्रदान करते हैं।

**निष्कर्ष**–आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामेनेई का जाना निस्संदेह इस्लामी दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति होगी। यह केवल एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक वैचारिक युग के अवसान जैसा क्षण होगा। उन्होंने जिस आत्मसम्मान, प्रतिरोध और इस्लामी एकता की भावना को मजबूत किया, वह उनकी सबसे बड़ी विरासत है। इतिहास यह अवश्य बताता है कि व्यक्ति नश्वर होते हैं, परंतु महान विचार अमर रहते हैं। ख़ामेनेई साहब का योगदान भी इसी श्रेणी में आता है — एक ऐसी वैचारिक विरासत, जो आने वाले समय में भी मुसलमानों को आत्मविश्वास, एकता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेगी।

# गधे पर बैठकर होली खेलने की अनूठी परम्परा



लेखक - डॉ. श्रीगोपाल नारसन

होली के लिए कहा जाता है कि जब मौसम में बासंती ब्यार बहने लगे और लोगो में मस्ती का भाव कुलमुलाने लगे और प्रकृति अपना आवरण बदलने लगे तो समझो फाल्गुन आ गया यानि होली ने आपके द्वार पर दस्तक दे दी है। होली एक ऐसा पर्व है जो स्वयं ही लोगो के दिलो में उमंगता लाकर उन्हे अपने रगं में रगंने लगती है। प्रकृति का यही उल्लास लोगो के मन में एक नई उमंग,एक नई खुशी,एक नई स्फूर्ति को जन्म देकर उनके मन को आल्हादित करता है। प्रकृति की इस अनूठी छटा व मादकता के उत्सव को होलिकोत्सव के रूप में मनाए

जाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस पर हम सब रंगो से सराबोर हो जाते है। होली के इस पर्व को यौवनोत्सव,मदनोत्सव,बसंतोत्सव,दोलयात्रा व शिमागा के रूप में मनाये जाने की परम्परा है। फाल्गुन मास के अन्तिम दिन मनाए जाने वाले रंगो के इस पर्व होलिकोत्सव को लेकर यूं तो विभिन्न कथाए प्रचलित है।लेकिन इस पर्व की वास्तविक शुरूआत प्रकृति परिवर्तन से ही होती है। प्रकृति अपना आवरण बदलती है। पेड पोधे अपने पुराने पत्तो को त्यागकर ,पेड का तना अपने बक्कल को छोडकर नये पत्तो व नये स्वरूप में परिवर्तित होते है। इसी प्रकार मनुष्य के शरीर की खाल तक धीरे धीरे बदल जाती है। पांच तत्वों से बना हमारा शरीर भी चूंकि प्रकृति का अंग है इसकारण वह भी मन और शरीर दोनो तरह से अपने आपमें परिवर्तन का अनुभव करता है। यही अनुभव हम होली के रूप में तहसूस करते है। होली अर्थात पवित्रता का पर्व होली शब्द को यदि अंग्रेजी भाषा रूप में देखे तो इसका अर्थ पवित्र है। यानि होली को पवित्रता का त्यौहार भी माना जाता है। जिसमें सब आपसी ईर्ष्या व द्वेष मिटाकर पवित्र मन से नई फसल आने की खुशी होली रूप में मनाते है। यदि यह पर्व पवित्र है,तो फिर इस पवित्र और पावन पर्व पर हुडदंग कैसा ?यह पर्व प्रकृति के नवपरिवर्तन से जुडा है। प्रकृति जब अपना आवरण बदलने लगती है मौसम में बासंती ब्यार बहने लगती और लोगो में प्यार और मोहब्बत का भाव जगाने लगती है तो समझो फाल्गुन का मौसम आ गया और होली अर्थात पवित्रता के रंग में रंगने का अवसर भी आ गया। होली लोगो के दिलो पर दस्तक देकर उन्हे अपने रगं में रगंने लगती है। प्रकृति का यही उल्लास लोगो के मन में एक नई उमंग,एक नई खुशी,एक नई स्फूर्ति को जन्म देकर उनके मन को आल्हादित करती है। प्रकृति की इस अनूठी छटा व मादकता के उत्सव को होलिकोत्सव के रूप में मनाए जाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है।

**होली की मशहूर कथाएं**–धार्मिक पुस्तको व शास्त्रों में होली को लेकर विभिन्न दन्त कथायें प्रचलित है। इन कथाओं के अनुसार नारद पुराण में यह पर्व हिरण्यकश्यप की बहन होलिका के अन्त व भक्त प्रहलाद की ईश्वर के प्रति आस्था के प्रति विजय का प्रतीक है। प्रचलित कथा के अनुसार हिरण्य कश्यपको जब उनके पुत्र प्रहलाद ने भगवान मानने से इंकार कर दिया तो अहंकारी शासक हिरण्य कश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद की हत्या के लिए उसे आग में न जलने का वरदान प्राप्त होलिका की गोद में जलती चिता में बैठा दिया किन्तु होलिका का आग में न जलने का वरदान काम नही आया और वह आग में जलकर भस्म हो गई। जबकि प्रहलाद सकुशल बच गया। तभी से होलिकोत्सव पर होली दहन की परम्परा की शुरूआत हुई। होली के पर्व को मुगल शासक भी शान से मनाया करते थे। मुगल बादशाह अकबर अपनी महारानी जोधाबाई के साथ जमकर होली खेलते थे। बादशाह जहांगीर ने भी पत्नी नूरजहां के साथ रंगो की होली खेली। इसी तरह बादशाह औरंगजेब ,उनके पुत्र शाह आलम और पोत्र जहांदर शाह ने भी होली का त्योहार रंगो के साथ मस्ती के आलम में मनाया जिसका उल्लेख इतिहास में पढने को मिलता है। जिससे स्पष्ट है कि हिन्दू ही नही मुस्लमान भी होली का पर्व मनाते रहे है। पिरान कलियर के वार्षिक उर्स में विदेशों से आने वाले जायरीन हर साल फूलो की होली खेलते है, जिसमें हिन्दू और मुस्लमान दोनो शामिल होते है। राजस्थान के सांभर की होली राजस्थान में सांभर की होली का अपना महत्व है। सांभर की होलीमनाने के लिए आदिवासी समाज की लडकियां वस्त्रो की जगह अपने शरीर को टेसू की फूल मालाओं से ढककर अपने प्रेमियों के साथ नदी किनारे जाकर सर्प नृत्य करती है। इस सर्प नृत्य के बाद इन लडकियो की शादी उनके प्रेमियों के साथ कर दी जाती है। राजस्थान में ही हाडोती की कोडामार होली जिसमें देवर भाभी व जीजा शाली एक दुसरे को कोडे मार कर होली के रगं में रंग जाते है। इसी राजस्थान में होली पर अकबर बीरबल की शोभा यात्रा निकालकर होली का रगं व गुलाल खेला जाता है। राजस्थान के बाडमेंर में तो होली की मस्ती के लिए जीवित व्यक्तियों की शवयात्रा बैण्डबाजे के साथ निकालने की परम्परा है। वही राजस्थान के जालोर क्षेत्र में होली पर लूर नृत्य किया जाता है तो झालावाड क्षेत्र में गधे पर बैठकर होली की मस्ती में झूमने की परम्परा है। बीहड क्षेत्र में तो पुरूष धाधरा चोली पहन कर ढोल नंगाडे बजाते हुए होली का नृत्य करते है तथा होली का गायन करते है। मथुरा की लठठमार होली बीकानेर की डोलचीमार होली की कहानी भी गजब है। लठठमार होली मथुरा के बरसाने में खेली जाती है। जिसमें महिलाए पुरूषो पर लठठ से प्रहार करती है और पुरूष ढाल का उपयोग कर अपना बचाव करते है।इस लठठमार होली को देखने के लिए देश विदेश से बडी सखं्या में श्रद्धालु मथुरा आते है। भले ही इस होली को लठठमार होली के रूप में मनाया जाता हो परन्तु किसी के भी मन में होली खेलते समय कोई बैर भाव नही होता सभी प्यार और माहब्बत को नया जन्म देने के लिए यह होली खेलते है। पंजाब के होला मोहल्ला की शान ही निराली है। होला मोहल्ला की तैयारी काफी पहले से शुरू हो जाती है। जिसमें शामिल होने के लिए लोग दूर दूर से पंजाब पहुंचते है और होला मोहल्ला की मस्ती में खोये रहते है। होला मोहल्ला रूप में होली का पर्व मनाने का मकसद भी नई फसल की खुशी मनाना ही है। इसी तरह ,कांगडा की भक्ति रस में डूबी होली की अपनी ही शान है। यानि चहुं और मस्ती के इस पर्व को नई फसल आने की खुशी के रूप में ही जगह जगह मनाया जाता है।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026

# 5 मार्च को सेमीफाइनल से पहले सूर्यकुमार पर टिकी निगाहें

## इंग्लैंड के खिलाफ खेली कई यादगार इनिंग्स



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है और सेमीफाइनल की तस्वीर भी साफ है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मार्च को सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जो तय करेगा कि कौन फाइनल में कदम रखेगा और किस टीम का अभियान यहीं खत्म होगा। ऐसे बड़े मैच से पहले सबकी निगाहें भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं, जिनका इंग्लैंड के खिलाफ ञ्20ढ्ढ रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली रहा है।

### इंग्लैंड के खिलाफ शानदार ट्रैक रिकॉर्ड

सूर्यकुमार यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में कई यादगार पारियां खेली हैं। उनका स्ट्राइक रेट 170 से ऊपर रहा है, जो दर्शाता है कि वह इंग्लिश गेंदबाजों पर किस कदर हावी होते हैं। इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता, लेकिन सूर्यकुमार ने पेस और बाउंस दोनों का सामना बेखौफ अंदाज में किया है। मिडिल ऑर्डर में उनकी मौजूदगी भारत को तेजी से रन बनाने का विकल्प देती है।

### 117 रन की ऐतिहासिक पारी

इंग्लैंड के खिलाफ उनका सबसे चर्चित प्रदर्शन 2022 में आया था, जब उन्होंने नॉटिंघम में 55 गेंदों पर 117 रन ठोक दिए थे। यह उनके टी-20 करियर का पहला शतक था। उस पारी में चौकों और छक्कों की झड़ी लगी थी। हालांकि भारत वह मैच जीत नहीं पाया, लेकिन सूर्यकुमार की बल्लेबाजी ने क्रिकेट जगत को प्रभावित किया। यह पारी आज भी इंग्लैंड के खिलाफ उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

# संजू सैमसन की मैच जिताऊ पारी पर फिदा कप्तान सूर्यकुमार



## कही दिल छू लेने वाली बात

### 'अच्छे लोगों के साथ अच्छा होता है' -एसकेवाय

इस जीत के हीरो रहे संजू सैमसन , जिन्होंने नाबाद 97 रन बनाकर मैच खत्म किया। उनकी पारी ने भारत को टूर्नामेंट में बनाए रखा। सूर्यकुमार ने सैमसन की मेहनत और धैर्य की सराहना करते हुए कहा- मैं हमेशा कहता हूं कि अच्छे लोगों के साथ अच्छा होता है, जो धैर्य रखते हैं और इंतजार करते हैं। जब वह नहीं खेल रहे थे, तब भी पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत कर रहे थे। आज उन्हें उसका फल सही समय पर मिला।

### गेंदबाजों और साझेदारियों की भी तारीफ

सूर्यकुमार ने गेंदबाजों को भी श्रेय दिया, जिन्होंने वेस्टइंडीज को 200 से नीचे रोका। उनका मानना है कि ईडन गार्डन्स में ओस के कारण दूसरी पारी में बल्लेबाजी आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि रनचेज के दौरान छोटी-छोटी साझेदारियां मैच की कुंजी साबित हुई और टीम ने गेम को गहराई तक ले जाकर फिनिश किया।

### सेमीफाइनल में इंग्लैंड से टक्कर

अब भारत 5 मार्च को मुंबई के बानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। सूर्यकुमार ने कहा कि टीम अभी इस जीत का आनंद लेगी और मुंबई पहुंचने के बाद सेमीफाइनल की तैयारी शुरू करेगी।

### दबाव पर कप्तान का बड़ा बयान

भारतीय कप्तान ने माना कि दबाव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का हिस्सा है। दबाव रहेगा, तभी मजा है। जब आप भारत के लिए खेलते हैं तो उम्मीदें हमेशा रहती हैं। फर्क इस बात से पड़ता है कि आप उस दबाव को कैसे संभालते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को सकारात्मक सोच और साहस के साथ मैदान पर उतरना होगा, खासकर बड़े मुकाबलों में।

**कोलताता (एजेंसी)।**

*कोलकाता के ईडन गार्डन में खेले गए सुपर-8 के अहम मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच के बाद टीम के जज्बे और संयम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह मुकाबला क्वार्टरफाइनल जैसा था और खिलाड़ियों ने दबाव में बेहतरीन चरित्र दिखाया। यह शानदार एहसास है। जिस तरह लड़कों ने दबाव में खेल दिखाया, वह काबिल-ए-तारीफ है, सूर्यकुमार ने कहा।*

# दीक्षा डागर एनएसडब्ल्यू ओपन में संयुक्त 20वें स्थान पर रही



**वोलोंगोंग (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर यहां महिला एनएसडब्ल्यू ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 20वें स्थान पर रही। दीक्षा ने पहले दौर में छह ओवर 77 का स्कोर बनाया था और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बाद हालांकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और अंतिम दौर में 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर आठ अंडर 276 रहा। फ्रांस की खिलाड़ी अगाथे लैस्ने ने खिताब जीता। उन्होंने 16 अंडर के कुल स्कोर के साथ थाईलैंड की एप्रिल अंगुरसारानी और कोरिया की सूमिन ओह पर एक शॉट से जीत हासिल की। खराब मौसम से प्रभावित इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य तीन भारतीय खिलाड़ी हिताशी बख्शी, प्रणवी उर्स और अवनी प्रशांत कट में जगह बनाने से चूक गई थी।

## टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान, जहीर खान के बाद बीसीसीआई ने हरभजन सिंह से किया संपर्क

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं।



टी-20 वर्ल्ड कप

# बिना खेले भारत हो सकता है फाइनल से बाहर

## नॉकआउट स्टेज में जो टीम हारती वह बाहर हो जाएगी



**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत हासिल की। अब भारत का सेमीफाइनल में 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से सामना होगा। हालांकि, इस मुकाबले से पहले एक ऐसी वजह भी सामने आई है जिसमें भारत सेमीफाइनल खेले फाइनल से बाहर हो जाएगा और इंग्लैंड पहुंच जाएंगा। आखिर कैसे आइए जाने-

सेमीफाइनल एक नॉकआउट स्टेज का मुकाबला होता है, जिसका अर्थ है कि जो भी टीम हारती है, वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। आईसीसी ने ऐसे मैचों के लिए रिजर्व डे तय किया है। अगर मैच डे पर बारिश या खराब मौसम के कारण पूरा नहीं होता है, तो रिजर्व डे पर मैच खेला जाएगा।

अगर रिजर्व डे पर भी मैच का परिणाम नहीं निकलता है, तो आईसीसी के नियमों के मुताबिक सुपर-8 राउंड में टीमों की स्थिति के आधार पर फाइनल में क्वालिफाई करने वाली टीम का फैसला किया जाएगा। इसका मतलब है कि ग्रुप स्टेज या सुपर-8 राउंड में टॉप पर रहने वाली टीम को फायदा मिलेगा।

भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल में अगर मैच रद्द होता है, तो इंग्लैंड फाइनल में पहुंच जाएगी क्योंकि उन्होंने सुपर-8 राउंड में टॉप पर अपना स्थान बनाया था। टीम इंडिया इस स्थिति में बिना खेले ही टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। वहीं, पहले सेमीफाइनल में अगर साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड का मैच रद्द होता है, तो साउथ अफ्रीका को फायदा मिलेगा क्योंकि उन्होंने सुपर-8 राउंड में टॉप पर अपनी जगह बनाई थी।

**रिजर्व डे का महत्व –** आईसीसी ने सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे इसलिए रखा है ताकि किसी भी खराब मौसम या अन्य कारणों से मैच रद्द होने पर टीमों को खेलने का अवसर मिल सके। इस नियम से यह सुनिश्चित होता है कि नॉकआउट स्टेज में निष्पक्ष परिणाम निकल सके और सुपर-8 राउंड में प्रदर्शन का भी महत्व बना रहे।

व्यापार

## एयरलाइन और टूरिज्म शेयरों में भारी गिरावट, 8 देशों ने बंद किया एयरस्पेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान संकट के कारण आज एयरलाइन और टूरिज्म कंपनियों के शेयरों में 14 फीसदी तक गिरावट आई। पश्चिम एशिया में कम से कम 8 देशों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इससे फ्लाइट ऑपरेशंस बाधित हुआ है और विमानों को लंबा रूट लेना पड़ रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के शेयरों में बीएसई पर 7.5 फीसदी गिरावट आई और यह 4,461 रुपये तक फिसल गया। इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 4,272 रुपये है। इसी तरह स्पाइसजेट का शेयर तीन फीसदी से ज्यादा गिरावट के साथ 14.91 रुपये पर आ गया। के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 13.5 प्रतिशत गिरावट आई और यह 147 रुपये पर आ गया। शेयर की कीमत भी 9 प्रतिशत गिरावट के साथ दिन के न्यूनतम स्तर 7.81 रुपये पर आ गई। इंडिगो ने पश्चिम एशिया के देशों के लिए अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद दुबई, अबु धाबी और दोहा के एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं या उनमें विमानों आवाजाही सीमित कर दी गई है। दुबई दुनिया का सबसे व्यस्त इंटरनेशनल एयरपोर्ट हब है। ईरान के हमले में दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को नुकसान हुआ है। इसी तरह अबु धाबी और कुवैत के एयरपोर्ट्स पर भी हमले हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म के आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम एशिया में हजारों फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। शनिवार को पश्चिम एशिया के कम से कम आठ देशों ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया। इनमें ईरान, इजरायल, इराक, जॉर्डन, कतर, बहरीन, कुवैत और यूएई शामिल हैं। सीरिया ने भी इजरायल सीमा पर अपना एयरस्पेस बंद करने की बात कही है। इस तनाव से ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर के प्रभावित होने की आशंका है। रूट लंबा होने और टिकट कैंसिल होने से एयरलाइन कंपनियों के लिए भी कॉस्ट बढ़ जाएगी। इसी कारण इन कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है।

# पश्चिम एशिया में हमलों के बाद तेल कीमतों में तेज उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को झकझोर दिया है। अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर हमलों तथा उसके जवाबी हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। बाजार खुलते ही ट्रेडर्स ने आशंका जताई कि क्षेत्र से तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है, जिससे कीमतों में और तेजी आ सकती है। 8 प्रतिशत तक चढ़ा अमेरिकी कच्चा तेल अमेरिका में उत्पादित हल्का और मीठा कच्चा तेल वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट लगभग 72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के 67 डॉलर के स्तर से करीब 8 प्रतिशत अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हालात और बिगड़े तो यह उछाल जारी रह सकता है। पश्चिम एशिया के तनाव का सबसे बड़ा असर होर्मुज जलडमरूमध्य पर दिख रहा है। यह संकरा समुद्री मार्ग फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार है, जहां से प्रतिदिन लगभग 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल गुजरता है। यह वैश्विक तेल आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा है। इस मार्ग से सऊदी अरब, कुवैत, इराक, कतर, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान का तेल और गैस विश्व बाजार तक पहुंचता है। हाल ही में इस मार्ग से गुजर रहे दो जहाजों पर हमले की खबर ने चिंता और बढ़ा दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि इस जलमार्ग में आवाजाही सीमित होती है तो कई देशों की निर्यात क्षमता प्रभावित होगी, जिससे वैश्विक स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि तय मानी जा रही है। तनाव के बीच राहत देने की कोशिश में ओपीईसी+ समूह के आठ देशों ने कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने की घोषणा की है। अप्रैल से 2,06,000 बैरल प्रतिदिन अतिरिक्त उत्पादन किया जाएगा। उत्पादन बढ़ाने वाले देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, यूएई, कुवैत, कजाखस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं। हालांकि ऊर्जा विश्लेषकों का कहना है कि केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा, जब तक निर्यात मार्ग पूरी तरह सुरक्षित न हो जाएं।

# भारत की एल एंड टी के 3.5 लाख करोड़ दांव पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के निवेशकों के लिए यह सुबह किसी झटके से कम नहीं है। दरअसल, पिछले सप्ताहांत शुरू हुए ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध के चलते के शेयरों में शुरुआती कारोबार में ही करीब 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। भारतीय शेयर बाजार में सोमवार, 2 मार्च की सुबह भूचाल आ गया। वहीं, लार्सन एंड टूब्रो (के निवेशकों के लिए यह सुबह किसी झटके से कम नहीं है। दरअसल, पिछले सप्ताहांत शुरू हुए ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध के चलते रूञ्ज के शेयरों में शुरुआती कारोबार में ही करीब 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। अब सवाल उठता है कि आखिर को ही इस युद्ध की सबसे ज्याद कीमत क्यों चुकानी पड़ रही है? इसकी सबसे बड़ी वजह है मिडिल ईस्ट में कंपनी की मजबूत मौजूदगी। रूञ्ज भारत की सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है और उसका ऑर्डर बुक देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां उसका कितना बड़ा दांव लगा है।

कंपनी के कुल ऑर्डर में से 49 प्रतिशत यानी करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए का ऑर्डर सिर्फ अंतरराष्ट्रीय बाजार से आता है। इसमें से 80 प्रतिशत से ज्यादा ऑर्डर अकेले सऊदी अरब और मिडिल ईस्ट रीजन से है। सीएनबीसी टीवी-18 ने फाइनेंशियल की रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि 37 प्रतिशत ऑर्डर मिडिल ईस्ट में हैं और चालू वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-दिसंबर) में मिले 33 प्रतिशत नए ऑर्डर भी इसी क्षेत्र से आए हैं। हमारे लोग सुरक्षित हैं, हालात पर नजर इतने बड़े संकट के बीच स्थिति को संभालने की पूरी कोशिश की है। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि मिडिल ईस्ट उनके लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम बाजार है, जहां एनर्जी, रिन्यूएबल, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में उनका लंबे समय से कारोबार है। कंपनी का दावा है कि वह लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और उसके सभी कर्मचारी, मजदूर और संसाधन सुरक्षित हैं। प्रवक्ता ने कहा, हमारी मैनेजमेंट कमेटी को जमीनी स्तर पर मौजूद हमारी टीमें, बिजनेस पार्टनर और स्थानीय प्रशासन हर पल की जानकारी दे रहे हैं। एहतियात के तौर पर कंपनी ने यात्रा को लेकर एडवाइजरी जारी कर दी है और सभी कर्मचारियों को अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है। शनिवार, 28 फरवरी की सुबह इस पूरे विवाद की शुरुआत हुई जब इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमला कर दिया।

सभी लाइसेंसियों पर लागू होगा नियम

# खाने-पीने की दुकानों के लिए नए नियम लागू करने की तैयारी, जद में आएंगे कई कारोबारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत लाइसेंस प्राप्त सभी दुकानों पर यह नियम लागू होगा। देश में एक करोड़ से अधिक खाद्य कारोबारों को लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिनमें से लगभग 46 लाख से ज्यादा सक्रिय हैं। देश में खाद्य सुरक्षा को और मजबूत बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने प्रस्ताव रखा है कि अब खाद्य कारोबारियों को अपने प्रोडक्शन और स्टोरेज का डेली रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा। इससे इनकी निगरानी करना आसान हो जाएगा। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उनके मुताबिक, नियामक ने अभी इन नए नियमों के लागू होने की तारीख तय नहीं की है और 5 अप्रैल 2026 तक इस प्रस्ताव पर सुझाव आमंत्रित किए हैं। इन नई व्यवस्था से देश के लगभग 50 लाख सक्रिय खाद्य कारोबारियों पर नए नियम लागू हो जाएंगे। नए प्रस्ताव के तहत खाद्य व्यवसाय संचालकों को कच्चे माल, इस्तेमाल की गई सामग्री, बन रही वस्तुओं और तैयार उत्पादों का दैनिक हिसाब रखना होगा।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता, स्रोत और भंडारण की जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)